मार्गशीर्ष कृष्णा पक्ष-8, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 214 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए


डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
18 जनवरी 2024 गुरुवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
23 अधिकतम
11 न्यूनतम



Page- 7

भाजपा के लोकसभा मिशन के तहत मुख्यमंत्री आज पहले बिहार दौरे पर...

## मप्र के महीनेभर पुराने यादव-प्रयोग की बिहार में उपयोग की शुरूआत

**भोपाल,पटना/ दोपहर मेट्रो**

मप्र में भाजपा हाइकमान के 'प्रयोग' को आज बिहार में उपयोग के लिए आजमाया जा रहा है। दरअसल मुख्यमंत्री डा मोहन यादव आज पटना पहुंचे हैं, जहां वे भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात के साथ ही कुछ कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यादव को मप्र में सीएम बनाते वक्त भी यह बात उभरी थी कि भाजपा ने पिछड़ा वर्ग को तरजीह देने की रणनीति के तहत बिहार व उप्र तक ओबीसी को संदेश देने के लिये यादव को चुना है। बिहार में यादव वोटरों की संख्या सर्वाधिक है। कुछ महीने पूर्व आई जातीय सर्वे रिपोर्ट में भी साबित हुआ कि यादव सबसे ज्यादा संख्या में बिहार में हैं। जबकि यादव वोटरों के रुझान पर गौर करें तो वर्ष 1990 से यादवों को लालू यादव की पार्टी का कोर वोट बैंक माना जाता है। इसी यादव वोटों के सहारे लालू यादव अपनी सियासत को एम-वाई यानी मुस्लिम-यादव गठजोड़ के सहारे बिहार में आगे बढ़ाते हैं। पिछले तीन दशक में साबित भी हुआ है कि यादवों के बड़े नेता लालू यादव हैं। माना जाता है कि उनके इसी वोटों में सेंधमारी करने पर की भाजपा की योजना है।

इसीलिये मोहन यादव का बिहार दौरा खास बनाने के इंतजाम किये गये हैं। यहां यादव का जोरदार स्वागत की तैयारी की गई है। इसके जरिये भाजपा बिहार के 14.26 फीसद यादवों को साधेगी। ज्ञात हो बिहार में 7मंत्री यादव समुदाय से हैं। इनके पास सरकार के 10 बड़े विभाग हैं। 243 सीटों में से 52 विधायक यादव समुदाय से हैं। लोकसभा की 40 में से 5 सांसद भी यादव समुदाय के हैं। आज मोहन यादव श्रीकृष्णा मेमोरियल हॉल, गाँधी मैदान में स्थानीय कार्यक्रम में सम्मानित होंगे। फिर वे वीरचंद पटेल पथ, (भाजपा प्रदेश कार्यालय) पहुंचेगे। जहां उनका स्वागत होगा। फिर शाम को इस्कॉन मंदिर में दर्शन पूजन के बाद वे शाम को भोपाल लौटेंगे।



### राजद के साथ जदयू भी कर रही विरोध

इधर राजद की सहयोगी जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार कह चुके हैं कि भाजपा के फैसले के पीछे जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट का दबाव है। बिहार में जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट जारी किए जाने के बाद से भाजपा बेचैनी में है। नीरज कुमार ने ये भी कहा कि मोहन यादव के चेहरे का बिहार में भाजपा को फायदा नहीं होगा, क्योंकि यादव ने माता सीता को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया थाँ, उसे यदुवंशी नहीं भूलेंगे।

### कमलनाथ पर टिप्पणीः शर्मा को नोटिस जारी





**भोपाल।** कांग्रेस के मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन खेड़ा ने मीडिया पेनलिस्ट आलोक शर्मा को नोटिस जारी किया है। उन्होंने कई टीवी चैनल पर अपने बयान में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बारे में कुछ टिप्पणी की थीं, जिसे आपत्तिजनक मानते हुए नोटिस जारी हुआ है। शर्मा से दो दिन में जवाब देने को कहा गया है। खेडा ने कहा है कि यदि शर्मा दो दिन में संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं तो उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जानकार बताते हैं कि इस मामले में कमलनाथ की ओर से भी पार्टी के मीडिया विभाग के समक्ष आपत्ति जताई गई थी।

### मप्र में शहर से गांव तक रामधुन में जुटे महकमें

भगवान श्रीराम के अयोध्या में दिव्य मंदिर में प्राण- प्रतिष्ठा के पूर्व मध्यप्रदेश में उत्साह का वातावरण है। इसी क्रम में संस्कृति विभाग ने विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान श्रीराम के मंदिर के गर्भ गृह में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या जा रहे प्रदेश के यात्रियों के स्वागत और विभिन्न ट्रेनों के प्रस्थान पर समारोह पूर्वक पुष्पवर्षा का निर्णय लिया था। इसके अनुसार प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर व्यवस्था की गई है। प्रदेश के शहरों और ग्रामों में रोशनी और प्राण-प्रतिष्ठा के दिन हर घर दीप जलाने की तैयारी की गई है। प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में श्रीराम कथा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसमें गायन, कथावाचन, राम रक्षा स्रोत, रामचरितमानस पाठ भी हो रहे हैं। विभिन्न स्पर्धाएं हो रही हैं। इसके पुरस्कृत प्रतिभागी गणतंत्र दिवस के दिन जिला मु यालयों में स मानित किए जाएंगे। संस्कृति विभाग की जनजातीय लोक कला और बोली विकास अकादमी ने प्रदेश के श्रीराम मंदिरों का सर्वेक्षण किया।

दतिया, खजुराहो-नौगांव समेत दो दर्जन जिले में बर्फीली हवाएं

## 0 पर पहुंचा पारा जेट स्पीड में ठंड



**नई दिल्ली/भोपाल, दोपहर मेट्रो**

देशभर में मौसम के तेवरों में बर्फ जम रही है, यानि अधिकांश राज्य ठंड की चपेट में हैं। तमिलनाडु के हिलस्टेशन नीलगिरी में तो पारा शून्य पर पहुंच गया है। बताया जाता है कि तमिलनाडु के नीलगिरी में सैंडीनाला जलाशय क्षेत्र में तापमान 0 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। जबकि हिल स्टेशन ऊटी में तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पारा गिरने के कारण आसपास के इलाकों में रहने वाले लोग जमा देने वाली सर्दी से जूझ रहे हैं। वहीं उत्तरभारत में लोग धूप के लिये तरस रहे हैं। इधर मैदानी मप्र में भी पारा तेजी से गिर रहा है,हालांकि धूप का सहारा यहां बना हुआ है लेकिन अगले कुछ दिन तेज ठंड के होंगे।

मप्र में बर्फीली हवाओं का दौर चलने लगा है। खजुराहो के दिन और रात दोनों सर्द हैं। यहां बुधवार रात का तापमान 6 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि कल दिन का अधिकतम टेम्प्रेचर रिकॉर्ड 12 डिग्री तक ही पहुंचा था। आज भी सुबह कोहरे की वजह से रतलाम, दमोह, खजुराहो, रीवा, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया में विजिबिलिटी 50 से 200 मीटर के बीच रही। भोपल में भी रात का तापमान 10 डिग्री के आसपास दर्ज हुआ है। दिन में भी आज ठंडी हवा के दौर है।

**जेट स्ट्रीम** सर्दियों में पहाड़ी इलाकों के ऊपर चलने वाली जेट स्ट्रीम मैदानी इलाकों के ऊपर पहुंच गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जेटस्ट्रीम की हवा की रफ्तार 200 से 250 किमी प्रति घंटे है। इससे भोपाल समेत पूरे मप्र में ठंड बढ़ गई है। 17 जिलों में पारा 5 डिग्री से 10 डिग्री के बीच चल रहा है, वहीं 15 जिले कोहरे की चपेट में हैं। आज 19 जिलों में कोहरे का ऑरेंज और यलो अलर्ट है।

## पाकिस्तान ने ईरान में घुसकर की एयरस्ट्राइक, राजनयिक संबंध भी तोड़े

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**

पाकिस्तान और ईरान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। ईरान द्वारा की गई एयर स्ट्राइक के बाद अब पाकिस्तानी सेना ने ईरान में घुसकर एयरस्ट्राइक की। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह जानकारी दी गई है। पाकिस्तान ने कथित तौर पर दो बलूच अलगाववादी समूहों - बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी चौकियों पर हमला किया। इससे पहले ईरान ने पाकिस्तान की जमीं पर पनप रहे आतंकी संगठन जैश अल-अदल समूह के मुख्यालय पर हमला किया था। इस एयर स्ट्राइक में 2 बच्चों की मौत हुई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने गंभीर परिणाम भुगतने के संकेत दिए थे। पाकिस्तान की कार्यकारी सरकार ने कहा है कि हमने ईरानी सरकार को स्पष्ट संदेश दे दिया है उन्हें सूचित किया है कि पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुलाने का फैसला किया है और पाकिस्तान में ईरानी राजदूत, जो वर्तमान में ईरान का दौरा कर रहे हैं, फिलहाल वापस नहीं लौट सकेंगे। आने वाले दिनों में सभी उच्च स्तरीय यात्राओं को निलंबित कर दिया जाए।



## दूसरे दिन भी बाजार में कोहराम, 748 अंक टूटा सेंसेक्स, शेयर धड़ाम

**मुंबई, एजेंसी।**

शेयर बाजार में लगातार बूम के बाद अब गिरावट का दौर है। आज लगातार दूसरे दिन जोरदार गिरावट हुई। कल भी बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1628 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ था, तो आज सुबह मार्केट ओपन होते ही ये भरभराकर 600 अंक से ज्यादा गिरकर 71000 के नीचे आ गया। बाद में यह 748 अंक तक गिरा। निफ्टी ने भी 150 अंक से ज्यादा टूटकर कारोबार शुरू किया। कुछ समय बाद निफ्टी भी 238 अंक की गिरावट के साथ 21,331 के लेवल तक गिर गया। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच आज सेंसेक्स में 0.73 फीसदी की गिरावट दिखी। जबकि निफ्टी 0.71 फीसदी की गिरावट पर ओपन हुआ।



**एचडीएफसी को जबर्दस्त झटकेः** मार्केट वैल्यू के हिसाब से देश के सबसे बड़े एचडीएफसी बैंक के शेयर में भारी गिरावट है और ये आज भी दस मिनट में ही 2 फीसदी से ज्यादा टूटा। कल भी यह 8 फीसदी से ज्यादा गिरा था और एचडीएफसी के मार्केट कैप में एक लाख करोड़ रुपये की कमी आई थी। एचडीएफसी बैंक के अलावा, एलटीआईमाइंडट्री, पावर ग्रिड कॉर्प, एशियन पेंट्स और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के शेयर लाल निशान पर ट्रेड कर रहे हैं। दूसरी तरफ आज करीब 1375 शेयरों ने हरे निशान शुरुआत की, तो वहीं 876 शेयर लाल निशान पर नजर आए। अदानी पोर्ट्स, अपोलो हॉस्पिटल्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोल इंडिया और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे।

## घर में तिलक और बाहर टोपी, नहीं चलेगी : योगी

**लखनऊ, एजेंसी।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर हमला बोला और कांग्रेस, सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग घर के अंदर टीका लगाएंगे लेकिन बाहर निकलेंगे तो गोल टोपी लेकर घूमने लग जाएंगे। यह दोनों काम कैसे हो पाएगा। योगी ने कहा यह नेता अपनी पहचान क्यों छिपाना चाहते हैं। यही दुर्गति उनकी दुर्दशा का कारण बनेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस या सपा को अयोध्या जाने से किसने रोका है। रामभक्त बनकर वे आएं। हम हमेशा स्वागत के लिए तैयार हैं। योगी ने कहा कि हम राम मंदिर बनने का श्रेय नहीं ले रहे हैं। हम तो खुद रामभक्त बनकर जा रहे हैं।



## इंडोनेशिया में भूकंप के झटके



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत पापुआ में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु और भूभौतिकीय एजेंसी ने कहा कि बुधवार को जकार्ता समयानुसार देर रात 01:29 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मापी गयी है। प्रांतीय आपदा एजेंसी के अधिकारी विलियम मंडेरी ने बताया कि भूकंप का केंद्र कीरोम रीजेंसी से 46 किमी दक्षिण पश्चिम में 62 किमी की गहराई में स्थित था। सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। भूकंप से कोई क्षति या हताहत नहीं हुआ। वहीं लीविया में ला पाज़ के टिपुआनी शहर में इस सप्ताह भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से छह लोगों की मौत हो गई और दो नाबालिग लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पुलिस के परिचालन प्रमुख मेजर विक्टर रामिरेज़ ने सरकारी टेलीविजन स्टेशन बोलीविया टीवी को बताया कि बाढ़ के कारण एक बुजुर्ग व्यक्ति की और एक यातायात दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।

**मेट्रो एंकर**

विमान सेवाओं में यात्रियों की फजीहत पर सियासी जंग

## विमान में मुक्केबाजी, भिड़ गए सिंधिया और थरूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इन दिनों हवाई उड़ानों में बड़े पैमाने पर देरी से यात्रियों में नाराजगी की आंच राजनीतिक गलियारों में भी महसूस की जा रही है। इसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और कांग्रेस नेता शशि थरूर के बीच तीखी नोकझोंक चल रही है। वजह यह कि थरूर ने देशभर के हवाईअड्डों पर उड़ानों में देरी और दुर्घटनाओं की कई खबरें शेयर की थीं। जवाब में सिंधिया ने थरूर को 'आर्म-चेयर क्रिटिक' बताकर जोरदार निशाना साधा। आर्म-चेयर क्रिटिक ऐसे शख्स को कहा जाता है कि जो जमीनी अनुभव के बजाय किसी विषय को पढ़ या सुनकर ओलचना करता है। थरूर को 'आर्म-चेयर' आलोचक बताकर विमानन मंत्री ने कहा कि आर्टिकल्स को साझा करना 'रिसर्च' के रूप में नहीं गिना जाता है। कांग्रेस के पास ऐसे तकनीकी क्षेत्रों से निपटने के लिए गहराई का अभाव है। 'यह उस व्यक्ति के लिए है जो थिसॉरस की अपनी गूढ़ दुनिया में खोया हुआ है। जिसे लगता है कि इंटरनेट से चुनिंदा प्रेस लेखों से आंकड़े जुटाना 'शोध' है। यहां आर्म-चेयर आलोचक शशि थरूर और कांग्रेस आईटी सेल के लिए कुछ वास्तविक तथ्य दिए गए हैं जो सिविल एविएशन जैसे तकनीकी क्षेत्रों की समझ में उनकी मदद कर सकते हैं।'

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह पूरे उत्तर भारत में घने कोहरे और दिल्ली-मुंबई हवाई अड्डे पर भीड़भाड़ के चलते देशभर में उड़ानों में बड़े पैमाने पर देरी हुई है। बॉलीवुड हस्तियों और कई अन्य सोशल मीडिया यूजर्स ने भी एयरलाइन कर्मचारियों के खराब व्यवहार की सूचना दी। देरी की घोषणा करते समय विमान के पायलट पर हमला करने के आरोप में एक यात्री को गिरफ्तार किया गया।




### जमीन पर खाना खा रहे मुसाफिर

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने प्रतिकूल मौसम स्थितियों में विमानों की लैंडिंग पर कहा था कि उड़ान में 12 घंटे तक देरी और जमीन पर बैठकर निराश यात्रियों का खाना खाना भारत के विमानन क्षेत्र की खेदजनक स्थिति की ओर इशारा करता है।जवाब में सिंधिया ने स्मूथ ऑपरेशन सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे सभी प्रयासों को बताकर कांग्रेस सांसद के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि यात्रियों को सड़क पर खाना खाने के लिए मजबूर करने का मामला अस्वीकार्य है। 'इस मामले में यात्रियों के साथ किया गया व्यवहार अस्वीकार्य था और हमने संबंधित ऑपरेटरों को कारण बताओ नोटिस के रूप में तुरंत कार्रवाई की है। इसके अलावा यात्रियों के साथ बेहतर संचार के लिए एसओपी भी जारी किए गए हैं। कार्यान्वयन की तीन बार रोजाना निगरानी की जा रही है।'

# रेलवे का ट्रैक मेंटेनेंस पर जोर, जीरो रेल हादसा है लक्ष्य

**पिछले एक वर्ष में हुई अलग-अलग घटनाओं के बाद रेलवे ने और बढ़ाया है फोकस**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ट्रैक मेंटेनेंस पर रेलवे ने और जोर बढ़ा दिया है। बीते एक वर्ष में हुई घटनाओं को देखते हुए यह जोर बढ़ाया है ताकि जीरो रेल हादसे रहे। पिछले एक साल में दो से तीन बड़ी घटनाएं अलग-अलग रेल मंडलों में हुई है, जिसमें सैंकड़ों यात्रियों की जान गई और हजारों घायल हुए हैं। इसे देखते हुए रेलवे संरक्षा मोड में है और अलग-अलग मापदंडों पर संरक्षा अभियान चलाए हुए हैं। इसमें ट्रैक मेंटेनेंस भी अहम मुद्दा है जिस पर रेलवे ने और फोकस बढ़ाया है।

रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी का कहना है कि ट्रैक से जुड़ी छोटी से छोटी कमी को भी प्राथमिकता और गंभीरता के साथ लिया जा रहा है और मेंटेनेंस के शेड्यूल में तुरंत ले रहे हैं, जिसमें मेंटेनेंस बाद में किया जा सकता है, उसे भी पहली प्राथमिकता में कर रहे हैं ताकि किसी भी स्तर पर यात्रियों की जान से कोई खिलवाड़ की स्थिति न बनें। ड्राइवरों व सहायक ड्राइवरों को तनाव मुक्त रखने के लिए उन्हें ज्यादा से ज्यादा आराम देने के विषय पर भी काम कर रहे हैं, इसके लिए विभिन्न स्टेशनों पर सर्वसुविधा युक्त रनिंग रूमों की स्थापना कर दी है। मानसिक तनाव जैसी स्थिति न बने, इसलिए उनके घर तक रेलवे संपर्क में है क्योंकि सुरक्षित रेल परिचालन की ये मुख्य कड़ियां हैं, जिसे



जोड़कर रखना ही होगा। यदि ड्राइवर व सहायक ड्राइवर किसी तरह से परेशान रहे तो हमेशा सुरक्षित यात्रा की कल्पना नहीं कर सकते। विभागीय अधिकारियों को भी इनकी समस्याओं का तुरंत निराकरण करने, इनकी बात सुनने इन्हें बोलने और अपनी बात कहने का अवसर देने के निर्देश दिए हैं। परिचालन से जुड़े एक रेलकर्मियों को भी ध्यान में रखा गया है, उनके लिए अधिक से अधिक तकनीकी उपयोग को आसान बना रहे हैं। निगरानी तंत्र को और मजबूत किया है, आधुनिक उपकरणों का हर पहलुओं पर उपयोग बढ़ा दिया है ताकि सुरक्षित रेल सफर में कुछ भी आड़े न आए। बोर्ड के उक्त अधिकारी का कहना है कि कोचों की बनावट और गुणवत्ता पर बहुत अधिक जोर है। पुरानी डिजाइन के आईसीएफ कोचों को रेल यात्री ट्रेनों से तेजी से बाहर कर रहे हैं, उनकी जगह प्रत्येक ट्रेनों में एलएचबी श्रेणी के कोचों को लिया जा रहा है। यह काम जल्द पुरा करेंगे। ये कोच सुरक्षित रेल यात्रा के लक्ष्य में अहम हिस्सा है। रेल पटरियों की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाया है। अधिक लंबाई वाली रेल बना रहे हैं ताकि जगह-जगह ज्वाइंट की नौबत कम से कम पड़े और लंबी दूरी तक ज्वाइंट न हो। कई बार ज्वाइंट खुल जाने से भी खतरा होता है। पहले छोटी रेलों का उपयोग अधिक होता था। पुराने पुल-पुलियाओं का ऑडिट तेजी से कर रहे हैं, उनकी तुलना में नए पुल-पुलिया का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। नए ट्रैक में सेफ्टी मेजर का कई मापदंडों पर ध्यान बढ़ा दिया है। कर्व को कम से कम रख रहे हैं, घाट सेक्शन को कम करने के लिए सुरंग आधारित ट्रैक पर ध्यान बढ़ाया है।

### गौरीशंकर कॉलोनी समेत पुराने शहर में हजारों लोगों ने ले रखे हैं दो से तीन कनेक्शन

# पानी चोरों से निगम अफसर बेखबर भुगतना पड़ेगा खामियाजा

**निगम को एक नल का भी बिल नहीं चुकाते, पानी का बड़े स्तर पर दुरुपयोग**

**इस काम में निगम के स्थानीय कर्मचारियों की भी मिलीभगत, कमा रहे रुपये**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कटारा हिल्स की गौरीशंकर परिसर समेत शहर की अन्य कॉलोनियों में नगर निगम के पानी की चोरी की जा रही है और अफसर है कि बेखबर है। इस चोरी में कुछ निगमकर्मी भी माल कमा रहे हैं। हाल यह है कि गौरीशंकर परिसर के कई फ्लैटों में लोगों ने तीन-ती कनेक्शन लेकर रखे हैं, इसमें से एक कनेक्शन तो खुद निगम ने दिया है और बाकी के कनेक्शन मनमर्जी से लिए गए हैं। इसके लिए बीच में से पाइपों को कटवाया गया है और फिर कनेक्शन अपने फ्लैट में ले जाया गया है।

लेकिन ऐसे लोग निगम न जो कनेक्शन दिया है उसका भी बिल नहीं चुका रहे हैं। इस तरह पानी का दुरुपयोग जारी है। पूर्व की तुलना में इसका चलन तेजी से बढ़ रहा है। उधर पुराने शहर की बात करें तो यहां बड़े स्तर पर पानी की बर्बादी जारी है। लोगों ने मनमर्जी से पाइप लाइनों में होल कर कनेक्शन ले रखे हैं। स्थानीय स्तर पर यह बात इस व्यवस्था से जुड़े निगम कर्मी जानते हैं लेकिन ऐसे कनेक्शनों को कटवाने की जगह कमाई में लगे हुए हैं।



### व्यवसायिक उपयोग के लिए भी साफ पानी

पुराने शहर में कई व्यवसायिक प्रतिष्ठान बड़ी मात्रा में निगम द्वारा लोगों को सप्लाई किए जा रहे पेयजल का उपयोग कर रहे हैं। भोपाल टॉकीज के आसपास वाले क्षेत्र में तो साफ पानी से वाहनों की साफ-सफाई और धुलाई की जा रही है, जबकि यह काम उपचारित पानी से किया जा सकता है। ऐसे कामों में साफ पानी की बर्बादी बिल्कुल भी नहीं होनी चाहिए। तब भी वर्षों से मनमर्जी से पानी का उपयोग जारी है। यह हाल अब नए शहर में भी लोग करने लगे हैं।

### निगम को हर महीने करोड़ों रुपये का चूना

भोपाल नगर निगम के एक पूर्व अधिकारी का कहना है कि चोरी से पानी का उपयोग करना शहर में एक चलन सा बन गया है। यह मौजूदा अधिकारियों की सह पर हो रहा है। अनाप-शनाप पानी इसी चोरी में खपत हो रहा है। जबकि इस पानी को नदी-तालाबों से उठाने, प्लांट तक लाने, यहां उपचारित करने, फिर पाइप लाइनों से शहर के कोने-कोने तक पहुंचाने में करोड़ों रुपये खर्च आता है। इस तरह प्रति लीटर पानी का खर्च निकाला जाए तो बड़ी राशि होती है। ऐसे पानी को संभालकर रखने की बजाए कुछ लोग चोरी से कनेक्शन लेकर वाहनों की धुलाई में उपयोग कर रहे हैं फिर नालों में बहा रहे हैं।

### आम लोगों का भी नुकसान

उत्तरप्रदेश व मप्र में जल संरक्षण पर काम करने वाले संजय सिंह का कहना है कि पानी की बर्बादी से किसी एक निकाय या संस्था व सरकार को नुकसान नहीं होता बल्कि यह आम लोगों का नुकसान है। भोपाल शहर में नर्मदा व मुख्य तौर पर बड़े तालाब से पानी उठाया जा रहा है। यदि चोरी और साफ पानी का दुरूपयोग इसी तरह जारी रहा तो कभी न कभी ये नदी व तालाब में भी संकट खड़ा होगा और आम लोगों को पीने के लिए भी पानी नहीं मिलेगा।

### सड़क सुरक्षा...




रोशनपुरा चौराहे पर एनएसएस के छात्रों द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर हेलमेट लगाने की मुहिम पर वाहन चालकों को जागृत किया।

## नुक्कड़ नाटक से वाहन चालकों को किया जागरुक

**भोपाल।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'यातायात सप्ताह' के अंतर्गत चूना भट्टी चौराहे पर आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत चौराहे पर सभी स्वयंसेवकों द्वारा नारे लगा कर की गयी। सभी स्वयंसेवकों ने बड़े हि उत्साह के साथ यातायात सुरक्षा से संबंधित नारे लगाये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अशोक कुमार श्रोती डॉ.अनंत कुमार सक्सेना, राहुल सिंह परिहार जी रहे। स्वयंसेवकों द्वारा चौराहे पर नाटक की प्रस्तुति दी गयी जिसमें यमराज को नाटक का मुख्य पात्र बनाकर वहां उपस्थित सभी वाहनचालकों को यातायात सुरक्षा के नियम बताये गये एवं उन्हें यह भी समझाया गया की कैसे वह यातायात के नियमों का पालन कर अपने जीवन को सुरक्षित रख सकते है।



## बीयू में अंतर जिला विवि युवा उत्सव प्रतियोगिताएं शुरू

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तर युवा उत्सव 2023 -24 का शुभारंभ शुभारंभ राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा किया गया। पटेल ने कहा कि युवा उत्सव एक ऐसा मंच है जो न केवल आपकी प्रतिभा को निखारता है, बल्कि व्यक्तित्व को गढ़ने में भी सहायक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के हर क्षेत्र में प्रतिभावान युवाओं को अवसर मिल रहे हैं। शिक्षा से लेकर खेल, कृषि से लेकर विज्ञान हर क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। पटेल ने कहा कि युवा उत्सव में विभिन्न प्रस्तुतियों को देखकर हमें छात्र जीवन के स्वर्णिम पल याद आ गए जब हम भी आप लोगों की तरह युवा उत्सव में भाग लिया करते थे।

**8 जिलों के लगभग 700 से अधिक विद्यार्थी शामिल:** युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने शुभारंभ दिवस पर लोक नृत्य, एकल नृत्य, प्रश्न मंच, चित्रकला ऑन द स्पॉट पेंटिंग आदि प्रतियोगिताओं और प्रस्तुतियों में सहभागिता की। कार्यक्रम में 8 जिलों के लगभग 700 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए।

## कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड के बीच एमओयू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र के आदिवासी बहुल 12 जिलों में शासकीय आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के माध्यम से बालिकाओं को विज्ञान, तकनीकी, इंजीनियरिंग, गणित एवं सॉफ्ट स्किल से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण देने के लिये कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड के बीच एमओयू किया जाएगा। यह एमओयू गुरूवार को संभागीय आईटीआई गोविंदपुरा में किया जाएगा। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल और अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड शैलेन्द्र शर्मा की उपस्थिति में यह एमओयू होगा।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई संतनगर में श्रीराम कथा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अयोध्या राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कैलाश नगर शिव मंदिर पार्क में सप्तदीप संगीत में राम कथा का शुभारम कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा 23 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2ः00 बजे से शुरू होगी। गंगा श्री फाउंडेशन तत्वाधान में कथा व्यास उज्जैन से आए चैतन्य स्वरूप कथा का रसपान करा रहे हैं।

कथा के प्रथम दिवस भगवान राम चरित्र का वर्णन किया कई वर्षों से भगवान राम अयोध्या में तमु में बैठे हुए थे आज बड़ा ही हर्षोल्लास के साथ 22 जनवरी को भगवान राम जी की प्राण प्रतिष्ठा



विद्वान संत महात्माओं द्वारा संपन्न किया जाएगा उसी के उपलक्ष में पूरे भारत देश में दीपावली जैसा पर्व मनाया जा रहा है कलश यात्रा प्रमुख मार्ग से होती हुई कथा स्थल पर विश्राम किया गया। इस अवसर पर पंडित रवि पटैरिया, मुख्य यजमान उदित जोशी पवन सिंह धाकड़ जीवन वंशकार, पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, पंडित संदीप पचौरी ने व्यास पीठ का पूजन किया।

### माध्यमिक शिक्षा मण्डल की समीक्षा बैठक

## बोर्ड परीक्षाओं में दोषी व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही होगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल के कार्यों की समीक्षा बैठक बुधवार को आयोजित की गई। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षाओं में दोषी व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इससे भविष्य में परीक्षा व्यवस्था सुव्यवस्थित तरीके से होती रहे। स्कूल शिक्षा मंत्री ने बोर्ड द्वारा संचालित हेल्पलाइन का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी प्राइवेट एवं सरकारी स्कूलों में हेल्पलाइन नम्बर-18002330175 का नोटिस बोर्ड में प्रचार हो। इस मौके पर बोर्ड की उपाध्यक्ष रमा मिश्रा, बोर्ड के सचिव कृष्ण देव त्रिपाठी, अतिरिक्त सचिव शीला दाहिमा एवं अधिकारी मौजूद थे। स्कू मंत्री ने भोपाल सहित रीवा और रतलाम जिले के जावरा में संचालित बोर्ड के विद्यालयों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बोर्ड को इस तरह के स्कूल प्रदेश के प्रत्येक संभाग मुख्यालय पर संचालित करना चाहिये।

**मेट्रो एंकर**

### सिंधी सेन्ट्रल पंचायत की मांगें

# शिवराज की घोषणाएं पूरी करे मोहन सरकार

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव के सामने पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की घोषणा पर अमल करने की मांग सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने की है। पंचायत ने कहा है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में 31 मार्च 2023 को सिंधियों के महाकुंभ में सिंधी समाज की समस्याओं के निराकरण एवं उत्थान की कई गई घोषणाएं की थी, जिन पर अमल नहीं हो सका है।

पंचायत ने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का ध्यान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, सिंधियों के एकमात्र महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज की मौजूदगी में सिंधी समाज से जुड़ी कई घोषणाएं की थीं। शिवराज सिंह ने मध्यप्रदेश के सिंधी विस्थापित परिवारों को उनकी प्रापर्टी का मालिकाना हक देने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि इसके आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, लेकिन इस मामले में अधिकारियों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री को गुमराह किया और भू-धारणा अधिकार नियम पर हस्ताक्षर करवा लिए। इस नियम में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की बात है, उन्हें मालिकाना हक मिलेगा। जबकि, सिंधी विस्थापितों के पास जो प्रापर्टी है, वह क्लैम में भारत सरकार के पुर्नवास विभाग की तरफ से मिली थी, न कि अतिक्रमण से।

### नहीं बड़ा बजट, न अनुदान

पंचायत ने मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव को इस बात की जानकारी दी है कि 31 मार्च 2024 को ही मप्र सिंधी साहित्य अकादमी का बजट 5 करोड़ सालाना किए जाने की घोषणा की, लेकिन इस तरह के आदेश भी अभी तक जानी नहीं हुए हैं। 2019 तक अकादमी का बजट 1.80 करोड़ था, उसे भी बढ़ाने के बजाय घटाकर केवल 30 लाख कर दिया गया है। ऐसे में मप्र सिंधी साहित्य अकादमी की सारी गतिविधियां ठप हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री ने तीर्थ स्थल लेह लद्दान की सिंधु दर्शन यात्रा को जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को 25 हजार का अनुदान देने की घोषणा की पर धार्मिक एवं धर्मस्व विभाग ने तक इस आश्य के आदेश जारी नहीं किए हैं।

### ये घोषणाएं अटकी हैं

- 31 मार्च 2023 को शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के मनुआभान टेकरी पर शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा लगाना
- इस तरह की प्रतिमाएं जबलपुर एवं इंदौर में लगाने, सिंधी महापुरूषों की जीवनी पाठयक्रम में शामिल करने की बात भी की थी।

## नवयुवक सभा के मंदिर में बच्चों ने की सफाई



**हिरदाराम नगर।** नवयुवक सभा की शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों ने 22 जनवरी से पहले चल रहे मंदिरों के सफाई अभियान में भाग लिया। सभा भवन में स्थापित शिव मंदिर में सफाई की। प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को अविस्मरणीय बनाने के लिए रंगोली बनकर, दीपक प्रज्ज्वलित करने की तैयारी की। विद्यालय की प्राचार्या ज्योति चौहान, प्रधानाचार्य प्रिया धर्मदासानी की उपस्थिति में दीपक जलाए जाएंगे। इस अवसर पर नवयुवक सभा के सचिव सुरेश राजपाल, शिक्षा समिति सदस्य पुरूषोत्तम टिलवानी व शिक्षक व विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

### भाभा में व्याख्यान

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के तत्वाधान में भाभा दंत चिकित्सा महाविद्यालय के डिर्पाटमेंट ऑफ ओरल मेडिसिन एवं रेडियोलॉजी द्वारा एंटीबायोटिक के उपयोग विषय के व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. एस. प्रभु के एटीबायोटिक उपयोग के विषय में जानकारी दी। व्याख्यान में कुल 250 छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।



# रामराज्य बनेगा हमारी पहचान
# मोदी जी की गारंटी का परिणाम



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। 21वीं सदी के भारत में अपार संभावनाएं छुपी हुई हैं। हम प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश को जनहित और विकास में सबसे अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## एक माह के प्रयास
## दो गुना हुआ विश्वास

- लाउडस्पीकर/डीजे का अनियंत्रित प्रयोग प्रतिबंधित
- खुले में मांस, मछली की बिक्री पर प्रतिबंध
- हुकुमचंद मिल के 4800 श्रमिक परिवारों को रु. 224 करोड़ का बकाया भुगतान
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय रु. 3 हजार प्रति बोरा से बढ़ाकर किया रु. 4 हजार, 35 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को लगभग रु.165 करोड़ का लाभ
- यातायात सुगमता के लिए भोपाल में बीआरटीएस हटाने का निर्णय
- श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में किसानों को प्रति किलो रु. 10 का अतिरिक्त प्रोत्साहन
- दो लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के विस्तार के लिए रु. 5 हजार करोड़ की परियोजनाएं मंजूर
- नागरिकों की सुविधा के लिए प्रदेश में संभाग, जिले, तहसील एवं पुलिस थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया प्रारंभ
- एक हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को पदोन्नति
- उज्जैन, इंदौर और धार जिले में जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े हैं वहां तीर्थ स्थलों का विकास होगा
- प्रदेश में श्रीराम वन पथ गमन के विकास की कार्य योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का निर्णय
- नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी और रानी दुर्गावती की प्रेरणादायी वीरगाथा के विषय को शामिल करने का निर्णय
- हर जिले में एक शासकीय महाविद्यालय का पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालय के रूप में उन्नयन
- रु. 350 करोड़ लागत से 6.67 किमी का इंदौर में बनेगा एलिवेटेड कॉरिडोर
- ग्रीन बॉन्ड जारी कर जुटाए गए रु. 308 करोड़ की राशि से खरगोन जिले के जलूद गांव में ऊर्जा संयंत्र की स्थापना
- स्वच्छ सर्वेक्षण अवॉर्ड 2023 में मध्यप्रदेश फिर आगे, इंदौर को लगातार सातवीं बार देश की स्वच्छतम सिटी का अवॉर्ड, भोपाल बना देश की स्वच्छतम राजधानी




D-11171/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

**मध्यप्रदेश शासन**

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

सुविचार

''जब आप फ़िक्र में होते है तो आप जलते है, जब आप बेफिक्र होते है तो दुनिया जलती है।''

- अज्ञात

संपादकीय

## गरीबी रेखा की हकीकत

नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट को एक उम्मीद की तरह देखा जाना चाहिये। जिसमें देश में बीते नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आने का दावा किया गया है। यह ऐसा दौर है जब तमाम विकासशील देशों से लेकर विकसित देश भी कई मोर्चों पर व्यापक आर्थिक उथल-पुथल और मंदी से जूझ रहे हैं,तब भारत में करीब पच्चीस करोड़ लोगों के गरीबी रेखा से बाहर आने की खबर उम्मीदें जगाती हैं। पिछले कुछ सालों में देश में विकासात्मक गतिविधियों को लेकर सकारा्त्मकता नजर आती है तो माना जाना चाहिये कि जमीनी स्तर पर बदलाव भी आ रहे हैं। मगर सवाल यह भी उभरता है कि अगर इतने लोगों की जिंदगी में उल्लेखनीय बदलाव आए हैं और अलग-अलग पैमानों पर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है तो सार्वजनिक स्तर पर यह दिखता क्यों नहीं है। दरअसल बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन-स्तर में सुधार की कसौटी पर मापा जाता है और ये बारह सतत विकास लक्ष्यों से संबंधित संकेतकों के जरिए दर्शाए जाते हैं। नीति आयोग के परिचर्चा पत्र में एक आकलन के मुताबिक, देश में बहुआयामी गरीबी 2013-14 में 29.17 फीसद थी, वह 2022-23 में 11.28 फीसद रह गई। रिपोर्ट का खास पहलू यह है कि उप्र बिहार और मध्यप्रदेश ऐसे राज्य रहे, जिनमें गरीबी में सबसे ज्यादा कमी दर्ज की गई। यह भी सामने ही है कि देश की आजादी के बाद घोषित तौर पर सभी सरकारों का मुख्य जोर गरीबी दूर करने पर ही रहा और इस समस्या को दूर करने के अनेक दावे किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत हमेशा इसके उलट ही दिखी। जाहिर है, इस मसले पर उठाए गए कदम अपर्याप्त थे। अब अगर बहुआयामी गरीबी के दायरे से भारी तादाद में लोगों के बाहर आने के आंकड़े सामने आए हैं तो स्वाभाविक ही नीति आयोग ने इसका श्रेय भी सरकार की ओर से उठाए गए कदमों को दिया है। बावजूद गरीबी की जद में फंसे लोगों का बेहतर हुआ जीवन-स्तर दिखे भी। कोरोना महामारी के बाद, पिछले दो-तीन वर्षों से खुद सरकार की ओर से अक्सर यह दावा किया जाता है कि करीब अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है। किसी भी सामाजिक तबके को अगर पेट भरने के लिए मुफ्त भोजन की व्यवस्था की जा रही है, तो इसकी कसौटी गरीबी ही होगी। अगर इतनी बड़ी आबादी गरीब होने के नाते मुफ्त राशन की हकदार मानी जा रही है तो वे कौन लोग हैं, जो गरीबी रेखा के दायरे से बाहर आ रहे हैं? इसके अलावा, बेरोजगारी के मोर्चे पर स्थिति यह है कि बड़ी संख्या में लोगों के सामने जीवनयापन की चुनौती है। गरीबी रेखा के पैमाने और इसके तहत निर्धारित शर्तों के बरक्स हकीकतें छिपी नहीं हैं। कहागया है कि जो एक सौ अस्सी रू रोज कमा रहा है, वह गरीबी रेखा से ऊपर माना जा रहा है। इसलिए जरूरत तो इसी बात की है कि आर्थिक जटिलताओं के साथ ही विकास के ऐसे उपाय जमीनी स्तर पर किए जाएं, जिससे अगर गरीबी कम हो रही हो, लोग इसकी जकड़ से बाहर आए हों तो वह साफ साफ नजर आयें। क्योंकि लंबे समय से महंगाई की स्थिति बनी ही हुई है, जरूरी उपयोग की वस्तुओं के दाम आसमान पर हैं। पेट्रोल डीजल व रसोई गैस के दाम आसमान पर रहने की वजह से कई अन्य उपयोग की जरूरी चीजें महंगी हैं। ऐसी ही कुछ बातें हैं तो जवाब तलाशती रहती हैं।

# कर्ज के चंगुल में फंसी दुनिया के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने उठाए महत्वपूर्ण कदम

पिनाकी चक्रवर्ती

वर्तमान वित्तीय वर्ष की शुरुआत में हमने देखा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था राजकोषीय और मौद्रिक नीति दोनों उपायों से मंदी से उबर रही थी। दरअसल, वित्त वर्ष 2022 में मुद्रास्फीति से निपटने के लिए विभिन्न देशों में ब्याज दरें बढ़ाई गईं, सार्वजनिक ऋण में भारी कमी आई और सरकारी वित्त में सुधार भी हुआ था। इस आर्थिक सुधार से अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश में कुछ हद तक स्थिरता भी संभव लग रही थी। लेकिन आर्थिक सुधारों के लिए विभिन्न देशों में अपनाई गई नीतियों में काफी फर्क भी दिखा। भारत जैसी उभरते बाजारों वाली विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में व्यापक आधार वाले आर्थिक सुधार दिखे। लेकिन कम आय वाली विकासशील अर्थव्यवस्था वाले देशों ने व्यापक आर्थिक स्थिरता का अनुभव किया, जिससे अत्यधिक सामाजिक और आर्थिक संकट पैदा हुए। संसाधनों के अभाव वाले क्षेत्रों की संसाधन-बहुल क्षेत्रों तक पहुंच कैसे सुनिश्चित की जाए, इस संदर्भ में हाल के समय में कई वैश्विक नीतिगत चर्चाएं भी हुईं। नई दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन में मजबूत, सतत, संतुलित और समावेशी विकास की जरूरत पर बल दिया गया। हालांकि इस स्थिति की जटिलता के कई आयाम हैं।

ऐसा ही एक महत्वपूर्ण मुद्दा है बढ़ते वैश्विक कर्ज का। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष कुल वैश्विक कर्ज कुल वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (वैश्विक जीडीपी) का 238 फीसदी था, जो 2019 की तुलना में नौ फीसदी ज्यादा था। अगर इन्हीं आंकड़ों को डॉलर में देखें, तो यह कर्ज 2,350 खरब डॉलर था, जो 2021 की तुलना में करीब दो सौ अरब डॉलर ज्यादा था। इसमें सबसे ज्यादा चिंता का विषय घरेलू और निजी क्षेत्र का बढ़ता कर्ज है। हालांकि 2008 की वैश्विक मंदी के बाद से घरेलू कर्ज पर पूरी तरह से निगरानी रखी गई है, लेकिन फिर भी पिछले पंद्रह वर्षों में यह काफी तेजी से बढ़ा है।

कोविड महामारी ने तो इसे और भी तेजी से बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि घरेलू कर्जों का उच्च स्तर वित्तीय अस्थिरता का एक प्रमुख स्रोत हो सकता है। हालांकि वैश्विक नीतिगत चर्चाओं में कोविड महामारी के बाद वित्तीय स्थिरता को वापस लाने पर फोकस किया गया है, लेकिन जब बात घरेलू और निजी क्षेत्र के कर्ज की हो, तो ज्यादा सोच-विचार जरूरी हो जाता है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि घरेलू कर्ज की प्रकृति, विशेषताएं और प्रभाव विभिन्न देशों में भिन्न-भिन्न होते हैं।

उल्लेखनीय है कि अगर असुरक्षित घरेलू कर्ज ज्यादा बढ़ जाते हैं, तो वित्तीय स्थिरता के लिए बड़ा खतरा पैदा हो जाता है। दूसरी तरफ, सुरक्षित घरेलू कर्ज, मसलन रियल एस्टेट के लिए लिया गया कर्ज, वास्तविक मांग बढ़ा सकते हैं और घरेलू संपत्ति पैदा करते हैं। कर्ज निर्माण की इस प्रक्रिया की विस्तृत समझ रखना जरूरी है। इस समस्या की भयावहता को समझने के लिए आइए, भारत सहित कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू कर्ज की स्थिति को दो काल-खंडों 2008 और 2022 में समझते हैं। 2008 वह वर्ष था, जब पूरी दुनिया में मंदी छाई थी, जबकि 2022 कोविड महामारी के ठीक बाद का वर्ष था। दोनों वे वर्ष थे, जब देशों की अर्थव्यवस्थाओं में सुधार दिखा। दोनों काल-खंडों के बीच कनाडा, फ्रांस, इटली और जापान में घरेलू कर्ज तेजी से बढ़ा।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार, कनाडा,



फ्रांस, इटली और जापान में यह 2008 के क्रमशः 83.47, 48.60, 38.98 और 60.27 फीसदी से बढ़कर क्रमशः 102.38, 66.14, 41.72 और 68.15 फीसदी हो गया। जबकि भारत में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुपात में घरेलू कर्ज सर्वाधिक न्यूनतम में से रहा, जो वित्त वर्ष 2022 के जीडीपी का करीब 35 फीसदी था और 2008 से 2022 के दौरान इसमें तेज गिरावट देखने को मिली। भारत में घरेलू कर्ज 2008 में जीडीपी का 40.85 फीसदी था, जो 2022 में 35.56 फीसदी रह गया। अमेरिका और ब्रिटेन में भी इस कालखंड में घरेलू कर्ज में कमी आई। भारत में घरेलू क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले असुरक्षित कर्ज के जोखिमों को रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल ही में उठाए गए कदम उल्लेखनीय हैं। असुरक्षित कर्ज पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय बैंक ने नवंबर, 2023 में बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) दोनों के लिए क्रेडिट कार्ड जैसे असुरक्षित उपभोक्ता कर्ज पर जोखिम का भार 25 फीसदी तक बढ़ा दिया है। केंद्रीय बैंक के इस कदम का उद्देश्य महज इतना है कि देश के वित्तीय क्षेत्र को घरेलू क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले किसी भी बड़े वित्तीय जोखिम से बचाया जाए। हालांकि भारत का घरेलू कर्ज ज्यादा नहीं है, फिर भी केंद्रीय बैंक द्वारा दिखाई जा रही सतर्कता का महत्व है। इससे जोखिमों को कम करने और वित्तीय क्षेत्र की स्थिरता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

सारांश के तौर पर कह सकते हैं कि पूरी दुनिया में बढ़ते घरेलू कर्ज से वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता आएगी, जिसका नकारात्मक असर भारत समेत सभी उभरते बाजारों वाली अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़ेगा। पिछले वर्ष इसी समय के आसपास अमेरिका के सिलिकॉन वैली बैंक में जो संकट दिखा था, हालांकि जिस पर काबू पा लिया गया था, इसी समस्या का एक उदाहरण है। पूरी दुनिया को ऐसी नीतियों की जरूरत है, जिनका फोकस इस बढ़ते कर्ज पर काबू पाने पर हो।

अर्थशास्त्रीय सिद्धांत बताते हैं कि घरेलू कर्ज के बढ़ने से अल्प अवधि में खपत और विकास को बढ़ावा मिलता दिख सकता है, लेकिन लंबे समय में इसका विकास पर उल्टा ही असर होता है। यह दिखाने का दरअसल कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं है कि घरेलू कर्ज में वृद्धि वित्तीय सेवाओं या विभिन्न क्षेत्रों के बीच वित्तीय असंतुलन के बढ़ने से होती है। हालांकि यह मान लेना गलत नहीं होगा कि महामारी के वक्त आर्थिक विरोधाभास और चारों तरफ व्याप्त अनिश्चितता ही घरेलू कर्ज में वृद्धि के प्रमुख कारण थे।

ऐसे में, स्थिर और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि सुधारों के लिए अपनाई जा रही कोई भी रणनीति इस पहलू पर ध्यान अवश्य दे।

**साभार :** लेखक एनआईपीएफपी के पूर्व निदेशक हैं।

## कविता

### तू ही बोल मेरे भी गले से



**पाप हो या पुण्य हो, मैंने**
**किया है, आज तक कुछ भी**
**नहींआधे हृदय से,**
औ'' न आधी हार से
मानी पराजय
औ'' न की तसकीन ही आधी
विजय से;
**आज मैं संपूर्ण अपने को**
**उठाकर, अवतरित ध्वनि-शब्द**
**में करने चला हूँ,**
अंग से मेरे लगा तू अंग ऐसे, आज तू
ही बोल मेरे भी गले से।

**हरिवंशराय बच्चन**

## आज का इतिहास

- **2020** - झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के नए अध्यक्ष चुने गये। उन्होंने विपक्षी बीवीपी राव को 34-18 वोटों के अंतर से हराया।
- **2009** - 'द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग' ने अपनी सिफ़ारिशें सरकार को पेश कीं।
- **सौरभ** गांगुली को बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन ने सोने के बैट से सम्मानित किया।
- **2008** - जॉर्ज क्लूने को संयुक्त राष्ट्र के शांतिदूत बनाये गये।
- **मुख्यमंत्री** मायावती की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में निजी विश्वविद्यालय खोलने के लिए दिशा-निर्देशों की मंजूरी प्रदान की गयी।
- **पाकिस्तान** के हिंसा प्रभावित उत्तरी वजीरिस्तान क्षेत्र के उग्रवादी नेताओं ने अपने समर्थकों से राजधानी इस्लामाबाद पर कब्ज़ा करने का आहवान किया। दक्षिणी कोलम्बिया स्थित एक ज्वालामुखी फटा।
- **2007** - विश्व की सबसे वृद्ध महिला जूली विनफ़्रेड बर्टरंड का कनाडा में निधन।
- **2006** - संयुक्त राज्य अमेरिका में इच्छा मृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगायी।
- **2005** - सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों को पेट्रोल पम्प आवंटित नहीं करने की सिफ़ारिश की।
- **तीन** कैरेबियाई देशों त्रिनिदाद-टोबेगो, ग्रेनेडा, सेंट विसेंट व ग्रेंडाइस के प्रधानमंत्रियों ने साथ मिलकर राजनीतिक एकीकरण का प्रस्ताव रखा।
- **2004** - भारत ने क्रिकेट की एकदिवसीय श्रृंखला में आस्ट्रेलिया को 19 रनों से हराया।
- **2003** - लीबिया संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त।
- **2001** - लारेंट काविला की हत्या के बाद उसके पुत्र ने कांगों की सत्ता सम्भाली।

# संस्कृति-पर्यावरण का संरक्षण भी हो सुनिश्चित

पंकज चतुर्वेदी

नये साल के पहले ही हफ्ते में 4 जनवरी को लक्षद्वीप के एकमात्र जिले के कलेक्टर ने एक अधिसूचना के माध्यम से बीच रोड बनाने के इरादे से किलतान गांव के 218 लोगों की 1.9 हेक्टेयर जमीन को अधिगृहीत कर लिया। इनमें से किसी का भी पुनर्वास नहीं होगा, यह आदेश में लिखा है। यह ठीक वही तारीख है जिस दिन लक्षद्वीप के समुद्र तट पर प्रधानमंत्री के फ़ोटो-शूट से चर्चा में आया था। दावे किए जा रहे हैं कि इससे इंटरनेट पर लक्षद्वीप को तलाशने वालों की संख्या बढ़ गई। इससे इस सुरम्य और शांत द्वीप में पर्यटन बढ़ जाएगा। दूसरी तरफ प्रकृति की गोद में सहजता से जीवन जीने वाले यहां के बाशिंदे आशंकित भी हैं। साल 2021 में जब यहां 'लक्षद्वीप डेवलपमेंट अथॉरिटी रेगुलेशन, 2021' का मसौदा आया था, तब स्थानीय लोगों ने प्रतिरोध किया था।

लक्षद्वीप समेत सभी जगह स्थानीय जीवन शैली एवं पारिस्थितिकीय तंत्र प्रभावित करके कथित कॉर्पोरेट हितों को तरजीह देने की कोशिशों से स्थानीय लोग सहज नहीं हैं। स्थानीय लोगों में आशंका है कि कहीं अचानक लक्षद्वीप जाना पर्यटन बढ़ाने के नाम पर कंक्रीट के विकास के स्थानीय विरोध को ढकने के लिए तो नहीं। समझना होगा कि जलवायु परिवर्तन का असर लक्षद्वीप के समुद्री तटों पर दिनों दिन गहरा रहा है। यहां की संस्कृति और लोक को गढ़ने वाले मूंगे के पहाड़ों का रंग अब धुंधला हो रहा है। समुद्र तट पर तेजी से भूमि कटाव, समुद्री चक्रवात और पानी का तापमान बढ़ने से इस द्वीप का पर्यावरणीय संतुलन पहले से ही डगमगा रहा है। मछली पकड़ने के लिए बाहरी बड़े ट्रोलर्स को अनुमति, अधिक पर्यटक आने से मानवीय दखल बढ़कर बाद यहां जलवायु परिवर्तन की मार गहरी हो सकती है। कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के एस.




अभिलाष कहते हैं 'ये द्वीप बेहद संवेदनशील हैं। यहां सालभर समुद्र अधिकांश समय अशांत बना रहता है। तूफानी लहरें, बदलती समुद्री धाराएं और कोरल रीफ के सफेद होने के चलते यहां नैसर्गिक संरक्षण अनिवार्य है। निर्माण जैसी गतिविधि से बड़े पैमाने पर मानवीय हस्तक्षेप स्थिति और भी खराब करेगा।'

लक्षद्वीप में कुल 36 द्वीपों में से केवल 10 में आबादी है। साल 1973 में लक्की दीव, मि?नीकाय और अमीनदीवी द्वीपसमूहों का नाम लक्षद्वीप कर दिया गया। लक्षद्वीप प्रवाल द्वीपों का समूह है। आबादी बमुश्किल 71 हज़ार है। अधिकांश आबादी अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। वैसे तो यहां कोई पारम्परिक आदिवासी हैं नहीं लेकिन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सूची (संशोधन आदेश), 1956 के अनुसार, लक्षद्वीप के निवासी, जिनके दोनों माता-पिता इन द्वीपों में पैदा हुए थे, उन्हें अनुसूचित जनजाति के रूप में माना जाता है। यहां की प्रमुख फसल नारियल है और प्रतिवर्ष 2,598 हेक्टेयर भूमि में 580 लाख नारियल का उत्पादन होता है। लक्षद्वीप के नारियलों में विश्व के अन्य नारियलों के मुकाबले सर्वाधिक तेल यानी 72 प्रतिशत पाया जाता है। कम ही लोग जानते होंगे कि लक्षद्वीप में शत-प्रतिशत ऑर्गेनिक खेती होती है7 अनौपचारिक समुदाय आधारित शिक्षा यहां जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन और आजीविका के प्रति बचपन से ही जागरूक करती है।

प्रकृति कि गोद में संतोषी जीवन जी रहे लोगों के जीवन में पिछले दिनों तब चिंताएं पैदा हुईं जब लक्षद्वीप को मालदीव जैसा बनाने की ठानी गई। चर्चा है कि प्रशासक ने तटरक्षक अधिनियम के उल्लंघन के आधार पर तटीय इलाकों में मछुआरों की झोपड़ियों को हटाने को कहा है, जिससे स्थानीय लोगों में रोष है। दूसरी तरफ यहां के लोग दुकानें खोलने का विरोध करते हैं। यहां लोगों का कहना है कि पर्यटन के उद्देश्य से स्थानीय पांच या तीन सितारा होटलों या बार में शराब की अनुमति दी जाती तो ठीक था। नए कानून के दो प्रावधानों से स्थानीय लोग सरकार की मंशा पर शक कर रहे हैं। एक है 'लक्षद्वीप डेवलपमेंट अथॉरिटी रेगुलेशन, 2021' जिसके तहत शहर के विकास के लिए प्रशासन किसी को भी उसकी संपत्ति से बेदखल कर सकता है। साथ ही प्रिवेंशन ऑफ एंटी-सोशल एक्टिविटीज एक्ट जो किसी भी व्यक्ति को बगैर कारण बताये गिरफ्तार करने और जेल में रखने की छूट देता है। लक्षद्वीप की स्थानीय आबादी में अपराध बहुत कम हैं। नागरिक प्रशासन पंचायतों द्वारा संचालित है, लेकिन नए प्रावधान में किसी भी ऐसे व्यक्ति को चुनाव लड़ने की इजाज़त नहीं है, जिसके दो से अधिक बच्चे हों। जनप्रतिनिधि कहते हैं कि 'लक्षद्वीप में जो अभी हो रहा है, वह पीढ़ियों से विकसित हुई लोक-मान्यताओं और उनके प्राकृतिक पर्यावास को बदलने की कोशिश है।'

पर्यटन बढ़ाने के नाम पर लक्षद्वीप समूह में शानदार पर्यटन विला विकास की योजना से स्थानीय पर्यावरण और समुदाय प्रभावित होंगे। स्थानीय लोगों का मानना है कि इससे प्राकृतिक वातावरण और द्वीप निवासियों की पारंपरिक जीवनशैली, विशेषकर अनुसूचित जनजातियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। बेहतर होता कि नए प्रावधान को लागू करने से पहले यहां के जनप्रतिनिधियों से विमर्श किया जाता।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

## श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली जा रहीं कलश यात्राएं



**नर्मदापुरम।** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। इसी तारतम्य में मेरा गांव मेरी अयोध्या अभियान अंतर्गत परामर्शदाता प्रिंस बेलवंशी के मार्गदर्शन में ग्राम मर काढाना में प्रभात फेरी तथा कलश यात्रा का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी के माध्यम से 22 तारीख को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। साथ ही मंदिरो की साफ सफाई और साज सजावट की गई। 22 जनवरी को ग्राम में रामायण पाठ का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जिसमे समस्त नवांकुर संस्थाएं परामर्शदाता एवं समस्त बीएसडब्ल्यू तथा एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी आमंत्रित रहेगें। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदा पुरम के द्वारा समस्त जिले में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत 12 तारीख से 22 तारीख तक मेरा गांव मेरी अयोध्या अभियान अंतर्गत मंदिर परिसरों में साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ शएसएस रावत के निर्देश पर सभी सातों विकास खंड में चलाया जा रहा है।

## श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नर्मदा कॉलेज में स्वच्छता अभियान



**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नर्मदा कॉलेज में अयोध्या में श्री राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत आज स्वच्छता अभियान चलाया गया ।इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को इस भव्य आयोजन से जोड़ने के साथ उनकी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए देश की सांस्कृतिक गतिविधियों में सम्मिलित करना रहा। एन.सी.सी. विंग नेवल और एन एस एस के स्वयं सेवकों द्वारा उत्साह पूर्वक कॉलेज कैंपस की साफ सफाई की। प्रभारी प्राचार्य डॉ एस सी हर्ने ने जानकारी दी कि इस महाआयोजन के अवसर पर देश में पवित्रता के माहौल में श्री राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जा रहा है अतः शासन ने समस्त स्कूल, कॉलेज और कार्यालयों में भी विद्यार्थियों, कर्मचारियों और अधिकारियों को आयोजन के साक्षी और सहभागी बनने के लिए अनेक, सांस्कृतिक , साहित्यिक और फाइन आर्ट संबंधित कार्यक्रम सूचीबद्ध किए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कॉलेज के समस्त अध्ययन कक्षों, सांस्कृतिक भवन, प्रशासनिक भवन के साथ कालेज प्रांगण और बगीचे की साफ सफाई भी की गई। श्री शशिभूषण राजपूत,एनएससी अधिकारी डॉ यास्मीन खान, डॉ ईरा वर्मा, डॉ सुनील दिवाकर, डॉ शिवकांत मौर्य तथा जुगल किशोर, बृजेश धुर्वे, दुर्गेश, गौरव, सचिन,अजय, प्रियांबिका जाट सहित समस्त कैडेट्स सफाई व्यवस्था में सम्मिलित हुए।

### ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

# राजस्व महाभियानः नामांतरण, बटवारा, सीमांकन के प्रकरणों में त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

शासकीय योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण रूप से समय पर पूर्ण कराएं। यह निर्देश नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बुधवार को सिवनीमालवा में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने सर्वप्रथम सिवनीमालवा की ग्राम पंचायत चौतलाय का भ्रमण कर यहां राजस्व महा अभियान अंतर्गत बी वन वाचन की गतिविधि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां ग्रामीणों से भी चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। जिसमें ग्रामीणों द्वारा प्रमुख रूप से क्षेत्र में सिंचाई और बिजली की समस्या बताई गई। जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना ने जल जीवन मिशन के कार्यो को पूर्ण कर सुचारू रूप से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत के अमले को मनरेगा के माध्यम से क्षेत्र के तालाबों में जल संवर्धन की क्षमता को भी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सरपंच एवं ग्रामीणों से कहा कि ऐसी समस्याएं जिनका वैधानिक निराकरण संभव नहीं है, उनका आपसी समन्वय से समाधान किया जाए।

इसके बाद कलेक्टर सुश्री मीना ने ग्राम पंचायत हथनापुर और धरमकुंडी में स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्राउंड ट्रूथिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पटवारियों को निर्देशित किया कि ग्राउंड ट्रूथिंग का कार्य अच्छे से करें ताकि सर्वे और इंडिया में नक्शा जमा करने में समस्या न है। संबंधित राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और एसडीएम भी स्वामित्व योजना की सतत मॉनिटरिंग और निरीक्षण कर ग्राउंड ट्रूथिंग से लेकर अभिलेख प्रकाशन तक की सभी कार्यवाही तेजी से पूर्ण कराएं।

कलेक्टर सुश्री मीना ने ग्राम पंचायत धर्मकुंडी में ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। जिसमें ग्रामीणों द्वारा प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास और गौशाला न होने की समस्या बताई। जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना जनपद सीईओ सिवनी मालवा को शासन से लक्ष्य प्राप्त होते ही प्रधानमंत्री आवास के काम प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि क्षेत्र में स्वीकृत गौशाला का निर्माण कार्य भी तेजी से पूर्ण किया जाए। ताकि निराश्रित मवेशियों के पालन पोषण की समस्या का निराकरण हो । कलेक्टर मीना ने आंगनबाड़ी केंद्र हथनापुर और प्राथमिक स्कूल हथनापुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से क्षेत्र में कुपोषित बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के टीकाकरण, पोषण और उपचार की भी जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का बेहतर संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण आहार का सुचारू रूप से वितरण किया गया। उन्होंने मतदान केंद्र प्राथमिक स्कूल हथनापुर में भी विशेष विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण गतिविधि अंतर्गत मतदाताओं के नाम जोड़ने की जानकारी ली और विशेष रूप से18 से 19 वर्ष आयु के नव मतदाताओं का नाम प्राथमिकता से जोड़ने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सिवनी मालवा प्रमोद गुर्जर, तहसीलदार राकेश खजूरिया, जनपद सीईओ सिवनीमालवा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास के काम प्राथमिकता से पूर्ण करने के दिए निर्देश



**सिवनी मालवा।** सिवनी मालवा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्र हथनापुर और प्राथमिक स्कूल हथनापुर का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से क्षेत्र में कुपोषित बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के टीकाकरण, पोषण और उपचार की भी जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का बेहतर संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण आहार का सुचारू रूप से वितरण किया गया। उन्होंने मतदान केंद्र प्राथमिक स्कूल हथनापुर में भी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण गतिविधि के अंतर्गत मतदाताओं के नाम जोड़ने की जानकारी ली और विशेष रूप से 18 से 19 वर्ष आयु के नव मतदाताओं का नाम प्राथमिकता से जोड़ने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सिवनी मालवा प्रमोद गुर्जर, तहसीलदार राकेश खजूरिया, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री गौसेवा योजनांतर्गत जिले में गौशालाओं को किया राशि का वितरण

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

मुख्यमंत्री गौसेवा योजनांतर्गत जिले में संचालित 15 गौशालाओं को गौवंश के भरण-पोषण के लिए मध्यप्रदेश गौपालन एवं पशु संवर्धन बोर्ड भोपाल से 19 लाख 54 हजार रूपए तीन माह अक्टूबर 2023 से दिसम्बर 2023 के लिए भूसे चार के लिए तथा जिले में संचालित 5 निजी अशासकीय गौशाला को भूसे चारे के लिए 16 लाख 95 हजार 1 रूपए तथा 515 स्वर्णदाना पशु आहार बैग के लिए 5 लाख 63 हजार 925 रुपए इस प्रकार कुल 22 लाख 58 हजार 926 रुपए का वितरण जिला कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष गौपालन एवं गौसंवर्धन समिति नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा किया गया है।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष गौपालन एवं गौसंवर्धन समिति नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा निर्देश दिए गये है कि गौशालाओं का संचालन निर्धारित मानक मापदंडो के मुताबिक हो, सक्षम अधिकारी गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करे साथ ही गौशालाओं में साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए। कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष गौपालन एवं गौसंवर्धन समिति नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने सर्वसंबंधितों को यह भी निर्देश दिए है कि वे गौशाला का नियमित भ्रमण करे, पुलिस द्वारा गौवंश पकड़े जाने वाले स्थान पर संबंधित विकासखंड के पशु चिकित्सक तत्काल मौके पर पहुँचकर आवश्यक कार्यवाही करे तथा तत्संबंधी सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारी को भेजना सुनिश्चित करें।



उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें नर्मदापुरम ने बताया है कि अशासकीय स?वयंसेवी संस?थाओं द्वारा संचालित गौशालाओं को, माह अक्टूबर से दिसम्बर 2023 तक के लिए श्री सदगुरू कृपा गौशाला बारीदेवी पिपरिया के लिए 4 लाख 33 हजार 908 रूपए, भाउ साहब स्मृति लोकन्यास गोविंद नगर पोस्ट पालिया बनखेड़ी के लिए 2 लाख 21 हजार 640 रूपए, महर्षि दयानंद गौरक्षिणी सभा आर्ष गुरूकुल नर्मदापुरम के लिए 1 लाख 461 रूपए, भगवान बलराम गौसदन एवं शोध संस्थान खैरीदीवान बाबई के लिए 1 लाख 28 हजार 787 रूपए एवं आचार्य विद्यासागर दयोदय गौशाला भादूगांव बादखोह के लिए 13 लाख 74 हजार 130 रूपए। इस तरह कुल उक्त समस्त गौशालाओं के लिए कुल 22 लाख 58 हजार 926 रूपए आवंटित किये गये हैं।

इसी तरह से जिले की मुख्यमंत्री गौसेवा योजनांतर्गत संचालित गौशालाओं को गौवंश के भरण पोषण के लिए माह अक्टूबर से माह दिसम्बर 2023 के लिए नंदनी गौशाला रंढाल के लिए 1 लाख 6 हजार 662 रूपए, श्री ग्वाल बाबा गौशाला बाईखेड़ी के लिए 1 लाख 34 हजार 247 रूपए, सांगाखेड़ा गौशाला के लिए 1 लाख 10 हजार 340 रूपए, जावली गौशाला के लिए 1 लाख 19 हजार 535 रूपए, गोपाल कृष्ण गौशाला जिजवाड़ा के लिए 82 हजार 905 रूपए, नंदनी गौशाला सिटियागोहना के लिए 1 लाख 2 हजार 984 रूपए, श्री कृष्णा गौशाला समिति शोभापुर के लिए 1 लाख 80 हजार 222 रूपए, श्री कृष्णा गौशाला समिति हतवास के लिए 1 लाख 83 हजार 900 रूपए, श्री कृष्णा गौशाला समिति बांसखेड़ा के लिए 22 हजार 780 रूपए, वाचावानी गौशाला के लिए 58 हजार 968 रूपए, भीलटदेव गौशाला समिति नीमनपुर के लिए 1 लाख 93 हजार 95 रूपए, देवकी नंदन गौशाला समिति अमलाड़ाकला के लिए 1 लाख 93 हजार 95 रूपए, शासकीय कामधेनु गौशाला सोयत के लिए 2 लाख 22 हजार 519 रूपए, केसला गौशाला समिति के लिए 91 हजार 950 रूपए एवं जमानी गौशाला समिति के लिए 1 लाख 50 हजार 798 रूपए इस तरह उक्त समस्त गौशालाओं को गौवंश के भरण पोषण के लिए कुल 19 लाख 54 हजार रूपए की राशि जारी की गई है।

# राज्य स्तरीय जैवविविधत्ता क्विज सम्पन्न




नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

राज्य स्तरीय जैवविविधत्ता क्विज 2023 में नर्मदापुरम जिले की टीम शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा की छात्राएँ कु मोनिका दामले, कु. निकिता धुर्वे एवं कु. निहारिका कुमरे ने ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता स्थल वनमण्डल अधिकारी कार्यालय जिला नर्मदापुरम में उपस्थित होकर सहभागिता की। यह प्रतियोगिता प्रदेश के सभी 52 जिलों में दोपहर 01 से 2ः30 बजे के बीज सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के समय शाला के शिक्षक श्री प्रकाश राजपूत, ईको क्लब प्रभारी,अमर सिंह रघुवंशी जिला क्विज मास्टर एवं नोडल अधिकारी जैव विविधता क्विज तथा मानसिंह मरावी उप वनमंडलाधिकारी फॉरेस्ट नर्मदापुरम के समक्ष छात्राओं ने ऑनलाइन क्विज दिया।अनिल चोपड़ा वनमण्डलाधिकारी नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में पूरा कार्य संपादित हुआ। पूर प्रदेश की 52 टीमों में से चयनित प्रथम तीन टीमों को पुरस्कार प्रदाय किये जायेंगे। प्रथम पुरस्कार राशि रू. 30,000/-. द्वितीय पुरस्कार राशि रू. 21,000/- तथा तृतीय पुरस्कार राशि रु. 15,000/- नगद या खाते में प्रदान किये जायेंगे।

# परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह शुक्रवार को नर्मदापुरम आएंगे



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह 19 जनवरी को नर्मदापुरम आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परिवहन मंत्री श्री सिंह शुक्रवार को प्रातः 11ः00 बजे पिपरिया पहुंचेंगे और और यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे शोभापुर में, दोपहर 12ः30 सोहागपुर में एवं 1ः 30 बजे सेमरीहरचंद में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। परिवहन मंत्री श्री सिंह दोपहर 2ः00 बजे माखननगर में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद 4 बजे प्रस्थान कर शाम 4 ः30 बजे नर्मदापुरम पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। परिवहन मंत्री श्री सिंह शाम 6ः30 बजे नर्मदापुरम के सेठानी घाट में आयोजित मां नर्मदा जी की महाआरती में शामिल होंगे। इसके बाद रात्रि 8ः30 बजे नर्मदापुरम से गाडरवाडा के लिए प्रस्थान करेंगे।

**मेट्रो एंकर**

### पुलिस ने चंद घंटे में ही कर दिया लूट की वारदात का खुलासा


# झूठी निकली 3 लाख 50 हजार रूपए की लूट, लाखों रुपए का हिसाब घर ना देना पड़े , इसलिए रची झूठी कहानी

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो

16 जनवरी की रात करीब 10 बजे थाना प्रभारी शिवपुर उप निरीक्षक विवेक यादव को सुचना मिली थी की ग्राम भरलाय एवं धामनिया के बीच हरदा नर्मदापुरम मेन रोड पर किसी व्यक्ति के साथ लूट हुयी है। सुचना पर थाना प्रभारी शिवपुर तत्काल हमराह स्टाफ के रवाना होकर घटना स्थल नर्सरी के पास पंहुचे जहा समीर पिता लाल मोहम्मद खान उम्र 24 साल और मुबीन पिता जुम्मन खान उम्र 23 साल दोनों सिवनी मालवा निवासी ने बताया कि वे दोनों एक्सयूवी गाडी MP 47 GA 1111 से मंडी से गल्ला खरीद - बेच कर करीब 9 बजे टिमरनी से अपने घर सिवनी मालवा आ रहे थे तभी नर्सरी के पास मेन रोड पर ग्राम धामनिया में 4 अज्ञात लडके जिनके मुह बंधे हुये थे उनके द्वारा 02 मोटर सायकल ( पल्सर एवं बाक्सर ) से गाडी में टक्कर मारकर रोक लिया तथा हमारे ऊपर पेट्रोल डालकर लाइटर दिखाकर डराया जिससे हम दोनों गाडी छोड़कर गाडी से बाहर आ गये इतने में उनमे से एक लड़के द्वारा रुपयों तथा बिल बुक व अन्य दस्तावेजो से भरा बेग जिसमें 3,47000 रूपये गाडी के पीछे वाली सीट पर रखा था उसको लेकर चारो लडके 2 मोटर सायकल से टिमरनी तरफ भाग गए। रात को हुई इस बड़ी लूट की



घटना की वारदात की कहानी पुलिस के गले नहीं उतर रही थी। थाना प्रभारी ने तुरंत इस घटना की जानकारी से पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉक्टर गुरकरण सिंह को अवगत कराया उनके दिशा निर्देश और एसडीओपी सिवनी मालवा राजू रजक के समक्ष पीड़ित समीर खान एवं मुबीन खान से सम्पूर्ण घटना क्रम के बारे में विस्तृत पूछताछ करने पर घटना संदेहास्पद प्रतीत हुयी। घटना में प्रयुक्त हुये पेट्रोल के सम्बन्ध में जानकारी हेतु तत्काल एक टीम को हरदा तक पेट्रोल पम्प पर सीसीटीवी कैमरे चेक करने के लिए रवाना किया। टीम द्वारा चेक करने पर राजा पेट्रोल पम्प टिमरनी से उसी रात को 8 बज कर 58 मिनिट पर मुबीन खान एक प्लास्टिक की बाटल में पेट्रोल लेता दिखाई दिया, इसके बाद मुबीन तथा समीर खान से कढाई से पूछताछ करने पर समीर खान द्वारा 15 जनवरी को अपने पिता से प्राप्त 1,73,000 रूपये मुबीन के साथ यश बेंक सिवनी मालवा में स्वयं के खाते में जमा करना तथा अशोक राठौर नि0 हरदा से सोयाबीन के 1,46,800 रूपये एवं रोहित मालाकार नि0 वासनिया से 35,000 रूपये प्राप्त कर स्वयं के यश बेंक के खाते में हरदा से ऑनलाइन दूकान से जमा करना बताया तथा क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम खरीदकर लगाये गए पैसो की उधारी चुकता करने हेतु 1,35,000 रूपये पवार गौतम को , विकास पाल को 63,000 रूपये और मुकेश कुमार को 74,000 रूपये तथा पुनः पवार गौतम को 48,000 रूपये खाते में कुल 3,20,000 रूपये ट्रांसफर करना तथा रुपयों का हिसाब घर में ना देना पड़े इसलिये अपने भाई मुबीन के साथ झूठी लूट की साजिश रचते हुये राजा पेट्रोल पम्प टिमरनी से मुबीन खान ने एक प्लास्टिक की बाटल में 90 रूपये का पेट्रोल खरीद कर नर्सरी के पास धामनिया आकर स्वयं के तथा मुबीन खान के ऊपर पेट्रोल डालना एवं कुछ पेट्रोल गाडी के बाहर गिराकर अपने मामा अन्नू को मोबाइल पर तथा पुलिस को 100 नंबर पर लूट की सुचना देकर मौके पर बुलाना बताया।









# रीड की हड्डी का लगभग 4 घंटे में हुआ सफल ऑपरेशन

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

शहर में पहली बार न्यूरो स्पाइन सर्जरी रीड की हड्डी शल्य चिकित्सा का सफल ऑपरेषन हुआ। उक्त ऑपरेशन सिरोंज के हेल्प एण्ड केयर मल्टी हॉस्पिटल में भोपाल के वरिष्ठ अनुभवी न्यूरो स्पाइन सर्जन डॉ षिवम गौर एंव उनकी टीम के साथ हेल्प एण्ड केयर मल्टी हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ शाहिद के साथ सफल ऑपरेषन किया गया। यह ऑपरेषन सिरोंज में पहली बार किसी निजी नर्सिंग होम में किया गया। यह ऑपरेषन शासन की आयुष्मान योजना के अंतर्गत किया गया। जहा तक देखा जाए तो सिरोंज के शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में ऑपरेषन व कई गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए कोई व्यवस्थाए नही है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों पूर्व एक एक्सीडेंट में घायल गरीब व्यक्ति जब आरोन रोड स्थित हेल्प एण्ड केयर मल्टी हॉस्पिटल पहुचा और जब वहा के डॉक्टरों ने उसका उपचार करना चालू करा तो डॉक्टरों ने देखा कि एक्सीडेंट के कारण उक्त व्यक्ति की रीड की हड्डी अपनी जगह से सरक गई हैं। तो वही हॉस्पिटल के संचालक डॉ शाहिद ने मरीज की तत्काल भोपाल में एमआरआई कराई। एसआरआई के बाद डॉ शाहिद ने उक्त मरीज की समस्या के बारे में जब भोपाल के विषेषज्ञों से चर्चा की तो डॉक्टरों ने ऑपरेशन ही एक मात्र उपाय बताया। वही जब डॉक्टर शाहिद ने मरीज के परिजनों से ऑपरेषन की बात कही तो परिजनों ने डॉ शाहिद से कहा कि डॉक्टर साहब हम काफी गरीब व्यक्ति है हम दो वक्त के खाने के लिए मजदूरी करते है हम ऑपरेशन का खर्चा कैसे उठा पाएगें। परिजनों की बात सुनकर डॉ शाहिद ने कहा कि आप चिंता न करें शासन द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान योजना के अंतर्गत मरीज का उपचार हो जाएगा। वही डॉ शाहिद ने मरीज की समस्या को देखते हुए तत्काल




हेल्प एण्ड केयर मल्टी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ शाहिद बोले - भोपाल के डॉक्टरों के सहयोग से हाड का उपचार,ऑपरेषन सिरोंज में ही हो ऐसा हमारा प्रयास रहेगा

भोपाल के न्यूरो स्पाइन सर्जर डॉ शिवम गौर से चर्चा की और मरीज के ऑपरेशन करने की बात कही। वही डॉ षिवम गौर अपनी टीम के साथ सिरोंज हेल्प एण्ड केयर मल्टी हॉस्पिटल पहुचें और मरीज की जांचे कर मरीज का हेल्प एण्ड केयर मल्टी हॉस्पिटल के ओटी में मरीज का सफल ऑपरेशन किया। डॉ गौर के साथ डॉ आर.के जैन,डॉ शैलेन्द्र पाण्डेय के अलावा उनकी सहयोगी टीम ने ऑपरेषन किया। वही यह ऑपरेशन रात्रि 9:30 से प्रांरभ किया गया जो कि रात्रि 1 बजें तक चला। वर्तमान स्थिति में मरीज की हालत स्वस्थ्य है। इस सफल ऑपरेशन के समय अस्पताल के डायरेक्टर डॉ शाहिद मोहम्मद,डॉ सिद्विकि शाहिद खातून,डॉ कपिल,प्रेम सिंह,नर्स दीपाली,अरशद,मुस्कान,कामरीन,षिवम का विषेष सहयोग रहा।

## डॉ शाहिद ने सिरोंजवासियो को दी बड़ी सुविधा

हेल्प एण्ड केयर मल्टी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ शाहिद लगभग 20 वर्षो से सिरोंजवासियों को चिकित्सा सुविधा दे रहें है। डॉ शाहिद का कहना है कि सिरोंजवासियों के आर्षीवाद से सिरोंज के इतिहास में पहली बार इतना बडा सफल ऑपरेषन हमारे अस्पताल में हुआ। साथ ही हमारे द्वारा ईसीजी, सॉनोग्राफी ,डिजिटल एक्सरें, डायलिसिस मषीन,सुदंर ओटी व आईसीयू की सुविधाए हम मरीजो को दे रहें है। अब हमारा अगला प्रयास यह रहेगा कि सिरोंज में हृदय के क्षेत्र में सफल उपचार एंव भोपाल की टीम के द्वारा सफल ऑपरेषन भी हमारे ही नर्सिंग होम में हो सके यह हमारा प्रयास रहेगा।

# शहर की सड़कें खस्ताहाल होने से वाहन चालकों को प्रतिदिन हो रही कठिनाई

## ग्रीन क्लीन कैसे बनेगा नगर, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

एक तरफ विधायक के द्वारा नगर को ग्रीन क्लीन बनाने के लिए अधिकारियों से निर्देश दिए दूसरी ओर नगर की अधिकांश सड़कों गढ़ों में तब्दील हो चुकी है। वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। धूल से भी मुक्ति नहीं मिल पा रही है। जब तक इन छातिग्रस्त सड़कों की मरम्मत नहीं होगी तब तक सड़कों से मुक्ति नहीं मिलेगी शहर को साफ स्वच्छ सुंदर बनाने का सपना भी पूरा नहीं हो पाएगा। शहर में आने जाने से लेकर मुख्य बाजार व मुख्य मार्ग की सड़क जगह गढ़ों में तब्दील होकर क्षतिग्रस्त हो गई हैएलंबे समय से इन सड़कों की मरम्मत नहीं होने से इनकी हालत और भी ज्यादा खराब हो इसमें कुछ सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा बनाई गई है तो कुछ सड़के नगर पालिका परिषद के द्वारा बनाई गई इनमें से कुछ सड़के ऐसी भी इनको नगर पालिका ने कुछ समय पहले ही बनाया था पर समय रहते जिम्मेदारी में ध्यान नहीं दिया इस वजह से ठेकेदारों ने अपने हिसाब से घटिया निर्माण करके खाना पूर्ति करके बनाने का काम किया है इस वजह से चंद दिनों के बाद ही गढ़ों में तब्दील हो गई है। इस वजह से वाहन चालकों को वाहन चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता प्रतिदिन टूट हो रही है नालियों पर जो जारी रखी गई है, वहां भी व्यवस्थित नहीं रखी गई है गहरे गहरे गड्ढे होने से सभी को परेशानी हो रही है।

### जनप्रतिनिधि नहीं दे रहा है ध्यान

विधायक के द्वारा दूसरी पारी में विकास को गति देने के लिए लगातार दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। दूसरी ओर शहर के अधिकांश क्षेत्रों की सड़कें टूटी-फटी है इनकी मरम्मत के लिए अभी तक धरातल पर कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं इस वजह से शहर वासियों को गड्ढे भरी सड़कों में से ही आना जाना पड़ता है। यदि इन सड़कों की मरम्मत हो जाए तो वाहन चालकों को इन घटिया मार्गो से मुक्ति मिल जाएगी वहीं जिन सड़कों का निर्माण ठेकेदारों ने घटिया किया है उन पर कार्रवाई करते हुए सड़कों का निर्माण पुनः करवाना होगा तब जाकर गढ़ों भरी सड़कों से नगर वासियों को मुक्ति मिल पाएगी। सड़कें खराब होने के कारण धूल से भी नगर वासियों को छुटकारा नहीं मिल पा रहा इस वजह से आम जनता से लेकर व्यापारियों को भी प्रतिदिन परेशानी हो रही है एइस तरफ भी विधायक एवं अधिकारियों को ध्यान देना होगा।

### कस्टम से बाढ चौराहा की सड़क का होगा पुनर्निर्माण

ठेकेदार की लापरवाही से चांद दिनों में ही सड़क गढ़ों में तब्दील हुई थी इस वजह से बाढ़ चौराहा से लेकर कस्टम पथ तक जाने वाली सड़क इतनी ज्यादा खराब हो गई है कि यहां से पैदल चलना भी मुश्किल होता है। दोपहिया वाहन चलाने में मुश्किल होती है। जब से सड़क का निर्माण हुआ तभी से यहां पर से आने.जाने में परेशानी हो रही लगातार शिकायतों के बाद भी तत्कालीन अधिकारी में कोई ध्यान नहीं दिया खस्ता मार्ग से मुक्ति दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद के द्वारा ई टेंडर करवाया गया है। एक बार फिर से सड़क का निर्माण होगा तब जाकर नगर वासियों और इस मार्ग से आने जाने वाले लोगों को खस्ता रास्ते से निजात मिल पाएगी इसी तरह अन्य मार्गों की भी मरम्मत हो जाए तो नगर वासियों को गड्ढे से मुक्ति मिल जाएगी।

### इनका कहना है

*शहर की सड़क जगह से गढो में तब्दील हो गई है छतरी से लेकर बाजार तक जाने में बहुत परेशानी होती है वाहनों में भी टूट हो रही है इनकी मरम्मत होनी चाहिए।*

**राजीव जैन** *व्यापारी*

*कस्टम पथ से बाजार जाने वाली सड़क का री टेंडर लगवाया गया है साथ ही छतरी नाके जाने वाली सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग की है विधायक महोदय इस सड़क को बनवाने के लिए आग्रह किया है।*

**राम प्रकाश साहू** *नगर पालिका अधिकारी सिरोंज*

## ट्रैफिक व्यवस्था नहीं हो रही ठीक

# ट्रेफिक पुलिस की समझाइश के बाद भी मनमर्जी से खड़े हो रहे हैं फल-सब्जी के ठेले

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

एसडीएम के निर्देश पर शहर की मुख्य सड़क है। अतिक्रमण हटाने के बाद तो चौडी हो गई है। पर अभी भी अवस्थित रूप से ट्रैफिक व्यवस्था संचालित हो रही है इस वजह से चौड़ी सड़के होने फायदा वाहन चालकों को मिलता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। दूसरी ओर अधिकांश फल सब्जी के ठेले वालों के द्वारा भी बीच सड़क पर ही इनको लगाने का काम किया जा रहा है। इनको रोकने रोकने का काम भी यातायात पुलिस नहीं करती है। इस वजह से ट्रैफिक व्यवस्था परिवर्तन नहीं हो रहा है इसके अलावा अधिकांश वाहन चालकों के द्वारा भी अपने हिसाब से कहीं भी खड़े कर दिए जाते हैं। इनको



व्यवस्थित रूप से लगवाने का काम यातायात पुलिस के द्वारा नहीं की जा रहा इस वजह से समस्या जस की तस बनी हुई है व्यापारियों से लेकर आम लोगों का कहना है कि जितने भी फल सब्जी के ठेले और वाहन जो कहीं भी खड़े कर दिए जाते हैं। यहां व्यवस्थित जब तक रूप से खड़े नहीं होंगे तब तक ट्रैफिक जाम की समस्या भी दूर नहीं होगी मुख्य बाजार की हालत तो और भी ज्यादा खराब है यहां पर दो पहिया वाहन कहीं भी खड़े कर दिए जाते हैं इसी बीच फल सब्जी के ठेले भी खड़े रहते हैं इस कारण समस्या और भी ज्यादा विकराल रूप ले लेती है। बाजार में पैदल निकलने में भी कई बार परेशानी होती है यहां से दो पहिया वाहन निकलना कठिन काम है। इसकी जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिम्मेदारियां के द्वारा व्यवस्थित रूप से वाहनोंएफल सब्जी के ठेले नहीं लगवाए जाएंगे तब तक समस्या इसी तरह की समस्या बनी रहेगी।

### एसडीम के प्रयासों पर फिर रहा है पानी

एसडीएम के द्वारा यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से करने के लिए सड़कों को चौड़ी करने के लिए पक्के कच्चे अतिक्रमण तोड़ दिए इसके बाद भी सड़कें चौड़ी दिखाई नहीं दे रही हैं इसमें दो कारण है एक दो जितनी भी बिजली के खंबे लगे हुए हैं उनको भी दूर किया जाए साथ ही अधिकांश फल सब्जी के ठेले वालों के द्वारा कहीं भी लगा लिया जाता है। इनको भी निर्धारित स्थान चिन्हित करके वहीं पर लगवाया जाए।

# पटवारियों ने गांवों में किया खसरा और बी-1 का वाचन

**विदिशा।** राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और अभिलेख में इंद्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य से जिले में जारी राजस्व महाअभियान 29 फरवरी तक राजस्व महाअभियान शुरू किया गया है। राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, नए प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है। विदिशा एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा, तहसीलदार श्री अजय पाठक ने बुधवार को विदिशा तहसील के ग्राम हिरनोदा में अपनी उपस्थिति में बी वन का वाचन कराया है। इसी प्रकार जिले की अन्य तहसीलों के ग्रामों में भी आज पटवारियों ने खसरा, बी-1 का वाचन किया। अभियान के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत चालक परिचालकों का निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 101 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया



**विदिशा।** सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत आज व्यावसायिक वाहन चालकों, परिचालकों तथा उनके परिजनों के नेत्र परीक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्री सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर लटेरी के तत्वाधान में विदिशा के बस स्टैण्ड पर आयोजित किया गया था। जिला परिवहन अधिकारी श्री गिरजेश वर्मा ने बताया कि शिविर में 101 वाहन चालकों, परिचालकों के नेत्रों का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गई हैं।

# राजस्व महाभियान में वक्फ संपत्तियों में करवाया जाए सुधार, वक्फ बोर्ड चेयरमैन ने अपर कलेक्टर को दिया आवेदन



**सिरोंज।** वक्फ संपत्ति के रिकॉर्ड में त्रुटियां होने के कारण परेशानी हो रही है। रिकॉर्ड को ठीक करवा कर वक्फ संपत्तियों को राजस्व अभिलेख में दर्ज करवाने की मांग करते हुए जिला सहसचिव रजी खान ने वक्फ चेयरमैन तथा अपर कलेक्टर को आवेदन देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा अभी राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा राजस्व अभिलेखों में हुई त्रुटियां में संशोधन कर सुधार करवाया जाए जिससे कि वक्फ बोर्ड में दर्ज वक्फ संपत्तियों को को भी राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने और उनमें वक्फ बोर्ड के रिकॉर्ड अनुसार परिवर्तित हो। रजी खांन ने बताया कि वक्फ बोर्ड की गजट में प्रकाशित वक्फ संपत्तियों के साथ ही वक्फ पंजीयन में दर्ज संपत्ति के रिकॉर्ड को बोर्ड से मंगवाकर कब्रस्तानएकृषि भूमि आदि को राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया जाए। वक्फ रिकॉर्ड के सुधार सेतु 2022 में विधानसभा प्रश्न भी लग चुके है जिसके जवाब में तत्कालीन राजस्व मंत्री ने सिरोंज के वक्फ रिकॉर्ड को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने की कार्रवाई को गतिशील बताया था पर डेढ़ वर्ष बाद भी इस पर अमल नहीं हुआ। अपर कलेक्टर ने राजस्व महा अभियान में शामिल करने की बात कही वही बोर्ड के अध्यक्ष डॉ संवर पटेल ने भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी करने की बात कही है।

**मेट्रो एंकर**

## हो रहा सादी पर्चियों पर लेनदेन, मेहरबान है विभाग के अधिकारी

# दुकानदारों द्वारा धड़ल्ले से की जा रही जीएसटी की चोरी

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

दुकानदारो से ग्राहकों द्वारा खरीदा गया सामान का ब्यापारियों द्वारा पक्का बिल न दिए जाने से ग्राहक चीजों का अधिक मूल्य चुकता करने में मजबूर है वही यदि खरीदी गई वस्तु खराब निकलती है तो वापसी में भी उसे कई परेशानियों का सामना करना पढता है दुकानदारों द्वारा ग्राहकों को कच्ची पर्ची पर लेखाजोखा करने से शासन को लाखों रूपये की हानि हो रही है।

सरकार ग्राहकों को जागरूक करने टीवी,रेडिओ समाचार पत्रों के माध्यम से जागो ग्राहक जागो का मिशन चलाकर खरीददारों को किसी भी सामान के खरीदने पर पक्का बिल लेने नहीं देने पर शिकायत करने सामान की खरीदी करने पर पक्का बिल लेना ना भूलें जो कि आपका हक है जैसे मिशन चलाकर खरीददारों को जागरूक बनाने का कम कर रही हे परन्तु इतना करने पर भी इन सब बांतो को खरीददारों पर कोई असर नहीं दिखाई देता नगर की लगभग सभी दुकानों में फिर चाहे वह रेडीमेड गारमेंट, की दुकान हो या कपड़ो, की या लोहे, सीमेंट. की या सोने, चांदी, इलेक्ट्रोनिक की किसी भी दुकान में खरीददार को पक्का बिल नहीं दिया जाता बस सारा लेनदेन कच्चे सादे कागज पर करके लाखों का व्यापार चल रहा हे जिसमे नगर के दुकानदार सरेआम जीएसटी की चोरी करके स्वंय तो दोगुना कमा रहे है और दुकानदार मालामाल हो खरीददार ठगे जा रहे है और आयकर विभाग को लाखों का चूना लगाया जा रहा हे वहां व्यापारियों ने ग्राहकों को बिल न मांगने की आदत लगा दी हे और खरीददार भी बिल न मांगकर व्यापारी से अपने संबंधो की दुहाई तो दे देता हे




परन्तु ऐसा करने से उसके द्वारा खरीदे सामान पर जो टैक्स व्यापारी पर लगना होता है वह कच्चा बिल देने पर टैक्स चुकाने से बच जाता हे और इस तरह टैक्स चोरी की राशि सीधे व्यापारी की जेब में चली जाती हे खरीददार का इसमें कोई फायदा नहीं होता यही वजह से कि यहाँ के व्यापारी आयकर चोरी करके अकूत संपत्ति के मालिक बनकर बैठे है और नगर सहित ग्रामीण अंचलों के खरीददार संबंधो के आढ़ में ठगे जा रहे है।

### सफल नहीं अभियान

सरकार ग्राहकों को जागरूक करने के उपायों को लेकर अभियानों के माध्यम से उन्हे किसी भी खरीद पर पक्का बिल लेने की सलाह अवश्य देती हे लेकिन इस तरह के अभियानों का असर कही भी दिखाई नहीं देता जिसके चलते जहाँ ग्राहक कच्चे बिल के माध्यम से चीजों का अधिक मूल्य अदा कर रहे' है वही दुकानों पर सामान की बापसी के समय ग्राहकों को समस्याओ का सामना करना पडता हे।

### पक्के बिल को लेकर दुकानदार होती है चिक्क्लस

अगर कोई ग्राहक पक्का बिल मांगता भी है तो दुकानदार पक्का बिल नहीं देता और सामान देने से मना तक कर देता है संबधित विभागीय अधिकारी क्यूँ नहीं कर रहे इन दुकानदार पर कार्रवाही क्या इसमें इनकी भी मिलीभगत है।

इलेक्ट्रोनिक दुकानों पर होता लाखों का कारोबार - आमतोर पर शादी विवाह एवं पर्व के मोके पर इलेक्ट्रानिक कारोबार में तेजी आ जाती हे दुकानदार भरपूर फायदा उठाते हुए ग्राहकों को टैक्स का भय बताते हुए कच्ची पर्ची पर सामान बेचने से नहीं चूकते कम दामों के लालच में ग्राहक ऐसे दुकानदारों झासे में आ जाता हे जिस से वह ग्यारंटी पीरियड सामान के खराब होने पर रिपेयरिंग अथवा सामान बापसी के लिए दुकानदार पर दबाव नहीं बना पता ऐसे में दुकानदारो को जहाँ डबल मुनाफा' होता हे' वही ग्राहक अपने आप को ठगा हुआ महसूस करता हे।



## कार्यालय थाना प्रभारी थाना तलैया जिला भोपाल (म.प्र.)

क्र./था.प्रतलै./भौ/डी28/24 — दिनांक 16/01/24

गुम ईन्सान क्र. 02/24 — जिला भोपाल

### जाहिर सूचना



उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि दिनांक 09-0124 को सूचक - कैफियत मामला इस प्रकार है कि सूचक श्रीमति यासमीन पति आमिर मियां उम्र 25 साल निवासी म.नं. 07 बैंड मास्टर चौराहे के पास थाना तलैया भोपाल, मो. नं. 9098302191 ने अपनी बहन रूबीना व ननद साहिस्ता के साथ थाना उपस्थित आकर जुबानी रिपोर्ट किया कि मैं उपरोक्त लिखाये पते पर रहती हूं तथा गृहणी हूं मेरे पति आमिर पिता नबाब मियां उम्र 30 साल नि. सदर जो दिनांक 30/11/23 को मुझसे झगड़ा करके घर से बिना बताये कही चले गये।

**गुमशुदा का हुलिया-** कद करीबन 5 फिट 6 'च, रंग गोरा, चहरा लंबा, शरीर सामान्य है दाहिने हाथ पर A गुदा है। जो ब्लू कलर की शर्ट, सफेद रंग की पेंट एवं क्रीम कलर की जैकेट पहने है तथा पैरो में ब्लैक कलर की स्लीपर पहने है।

थाना प्रभारी तलैया के मो. 9479990623 एवं जांच कर्ता 8839/164117 है।

G-23047/23

**थाना प्रभारी**
**थाना तलैया, भोपाल**

epaper.dopaharmetro.com



# रोहित टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले कप्तान बने

**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु में रोमांच से भरे टी-20 मुकाबले को भारत ने 40 ओवर के खेल और 2 बार हुए सुपर ओवर के बाद जीता। अफगानिस्तान जीत के बेहद करीब पहुंचा, लेकिन टीम के खिलाड़ी निराशा लेकर ही अपने देश लौटे। चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 212 रन बनाए, जवाब में अफगानिस्तान ने भी 212 रन बना दिए। मामला सुपर ओवर तक पहुंचा। पहली बार हुए सुपर ओवर में दोनों टीमों ने 16-16 रन बनाए। फिर दूसरे सुपर ओवर में भारत ने 11 रन बनाए, लेकिन अफगानिस्तान एक ही रन बना सका। टी-20 इंटरनेशनल में पहली बार एक ही मैच में 2 सुपर ओवर फेंके गए। सीरीज के शुरुआती 2 मैचों में खाता भी नहीं खोल सके रोहित शर्मा ने टी-20 इंटरनेशनल में 5वां शतक लगाया। उन्होंने रिंकू सिंह के साथ 190 रन की पार्टनरशिप की, जो भारत के लिए सबसे बड़ी रही। इतना ही नहीं टीम इंडिया ने 20वें ओवर में करीम जनत के खिलाफ 36 रन भी बटोरे।



### ■ भारत और अफगानिस्तान मैच में सबसे बड़ा स्कोर बना दिया

भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक हुए मैचों में पहली बार टोटल स्कोर 400 रन के पार पहुंचा। दोनों टीमों ने मिलाकर 40 ओवर के खेल में 424 रन बनाए, दोनों ही टीमों ने 212-212 रन स्कोर किए। इससे पहले दोनों टीमों के बीच हुए मैच में सबसे बड़ा टोटल 2021 के वर्ल्ड कप में बना था। भारत ने 210 और अफगानिस्तान ने 144 रन बनाए थे। यानी मैच में कुल 354 रन बने थे। वहीं दूसरी ओर रोहित शर्मा और रिंकू सिंह ने पांचवें विकेट के लिए 190 रन की साझेदारी कर नया रिकॉर्ड बनाया। यह भारत के लिए इस फॉर्मेट में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले रिकॉर्ड संजू सैमसन और दीपक हुड्डा के नाम था, जिन्होंने आयरलैंड के खिलाफ 2022 में 176 रन की पार्टनरशिप की थी।

### ■ एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी

रोहित शर्मा और रिंकू सिंह ने पारी के 20वें ओवर में कुल 36 रन बनाए। रिंकू ने 3 और रोहित ने एक सिक्स लगाया। इसी ओवर में रोहित ने एक चौका और एक सिंगल लेकर अपनी सेंचुरी भी पूरी की। इसी के साथ दोनों खिलाड़ियों ने टी-20 इंटरनेशनल के एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। इससे पहले वेस्टइंडीज के कायरन पोलार्ड और भारत के ही युवराज सिंह भी एक ओवर में 36-36 रन बना चुके हैं। युवी ने 2007 के वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ 6 सिक्स लगाकर 36 रन बनाए थे।

### ■ रोहित टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा टी-20 इंटरनेशनल में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले प्लेयर बन गए। रोहित ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ओएन मोर्गन का रिकॉर्ड तोड़ा। मॉर्गन के नाम बतौर कप्तान 86 सिक्स लगाने का रिकॉर्ड है। अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित ने कुल 8 सिक्स लगाए और इस फॉर्मेट में बतौर कप्तान 90 सिक्स तक पहुंच गए। रोहित शर्मा टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने 5वां शतक लगाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल और भारत के ही सूर्यकुमार यादव को पीछे किया। दोनों के नाम 4-4 सेंचुरी हैं। रोहित शर्मा का पहला शतक 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ आया था, तब उन्होंने 106 रन बनाए थे। पाकिस्तान के बाबर आजम ने 3 शतक लगाए हैं। वहीं, दुनिया के टॉप टी-20 रन स्कोरर विराट कोहली ने भी अपने करियर में एक ही शतक लगाया है।

### ■ बतौर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के सबसे ज्यादा रन, विराट कोहली का रिकॉर्ड भी तोड़ा

रोहित शर्मा ने बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी बना लिया। रोहित के बतौर कप्तान भारतीय कप्तान 1648 रन हो गए, उन्होंने पारी में 44वां रन लेते ही विराट को पीछे छोड़ दिया। विराट के नाम बतौर कप्तान 1570 रन हैं। वर्ल्ड क्रिकेट में यह रिकॉर्ड एरोन फिंच के नाम है। फिंच ने ऑस्ट्रेलिया की 76 टी-20 मैचों में कप्तानी की और कुल 2236 रन बनाए। हालांकि वे रिटायर हो चुके हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे नंबर पर हैं, उनके कुल 2195 रन हैं और वह फिलहाल कप्तान नहीं रहे। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन उनके बहुत करीब हैं, उनके नाम 2125 रन हैं। रोहित चौथे नंबर पर हैं।



## मेट्रो बाजार

# एमआरएफ भारत की पहली कंपनी बनी जिसका शेयर 1.5 लाख हुआ

**मुंबई, एजेंसी**

भारत में टायर बनाने वाली सबसे बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी एमआरएफ यानी मद्रास रबर फैक्ट्री के शेयर्स ने इतिहास रच दिया है। एमआरएफ के स्टॉक ने कारोबारी सत्र में 1.5 लाख रुपए का रिकॉर्ड आंकड़ा पार कर लिया। ऐसा करने वाली एमआरएफ भारत की पहली कंपनी बन गई है। पिछले एक साल में इस शेयर में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। एक साल में यह स्टॉक करीब 50 फीसदी चढ़ा है। बीते छह महीने में इसने अपने निवेशकों को 31.64 फीसदी और 1 महीने में 12.71 फीसदी का रिटर्न दिया है। कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन 57.29 हजार करोड़ रुपए है। एमआरएफ का शेयर साल 2000 में 1000 रुपए का था। वहीं 2012 में यह 10,000 रुपए के स्तर पर पहुंचा। इसके बाद 2014 में इस स्टॉक (शेयर) ने 25,000 रुपए का आंकड़ा छुआ था। फिर ये 2016 में 50,000 रुपए पर पहुंचा। साल 2018 में 75,000 और जून 2022 को [illegible] के शेयर ने 1 लाख का स्तर पार किया था। अब [illegible] का स्टॉक 1.5 लाख रुपए के आंकड़े को पार कर चुका है। एमआरएफ का स्टॉक आखिर इतना महंगा क्यों है? इसके पीछे की वजह है कंपनी के शेयर्स का कभी स्प्लिट ना करना। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 1975 के बाद से ही [illegible] ने अभी तक अपने शेयर्स को कभी स्प्लिट नहीं किया है। वहीं, साल 1970 में 1.2 और 1975 में 3.10 के रेश्यो में एमआरएफ ने बोनस शेयर इश्यू किए थे। भारत में टायर इंडस्ट्री का मार्केट करीब 60,000 करोड़ रुपए का है।



# एस 24 फोन सीरीज भारत सहित ग्लोबल मार्केट लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ कोरियन टेक कंपनी सैमसंग का ग्लोबल इवेंट 'गैलेक्सी अनपैक्ड एआई' हुआ। अमेरिका के कैलिफोर्निया शहर स्थित सैन होजे सेंटर में हुए इवेंट में कंपनी ने सैमसंग गैलेक्सी एस 24 सीरीज पेश की। इसमें गैलेक्सी एस 24 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस 24 प्लस और गैलेक्सी एस 24 को लॉन्च किए गए है। इसके अलावा कंपनी ने गैलेक्सी स्मार्टवॉच और स्मार्ट एआई रिंग भी पेश की है। गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में स्मार्टफोन सीरीज की लॉन्चिंग के साथ कंपनी का फोकस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर रहा और कई एआई फीचर्स पेश किए। सैमसंग गैलेक्सी एस 24 सीरीज के साथ अब आप एआई नोट असिस्ट, फोटोमोजिस, सर्कल टू सर्च और रियल-टाइम लैंग्वेज ट्रांसलेशन जैसे फीचर्स इस्तेमाल कर सकेंगे। सैमसंग ने अपने नए हेल्थ-ट्रैकिंग गैजेट गैलेक्सी स्मार्टवॉच और गैलेक्सी रिंग भी पेश की। कंपनी का कहना है कि यह एक इंटेलिजेंट रिंग है, जो आपकी हेल्थ पर नजर रखेगी।

# टी-20 में यंग इंडिया का लेफ्ट हैंड पॉवर

हिटमैन रोहित शर्मा के नाबाद शतक और सुपर ओवर में उनके छक्कों के बाद विश्नोई की 3 चमत्कारी गेंदों की बदौलत दो सुपर ओवर वाले रोमांचक टी-20 मैच में टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को हरा दिया। दरअसल टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में पहली बार किसी मैच में दो सुपर ओवर हुए हैं। टीम इंडिया ने तीन मैच की सीरीज में 3-0 से अफगानिस्तान टीम का सूपड़ा साफ कर दिया। टीम इंडिया और अफगानिस्तान के बीच तीसरी और आखिरी भिड़ंत बेहद खास रही, इस टी-20 मुकाबले में रोमांच की सारी हदें पार हो गई। बेंगलुरु में खेला गया 40 ओवरों में 424 रनों वाला यह मुकाबला न सिर्फ टाई रहा, बल्कि इस मैच के विजेता का फैसला दो सुपर ओवर में जाकर हुआ। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के पहले टीम इंडिया की यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय सीरीज थी। यह बात सच है कि चयनकर्ताओं की नजर में 3 मैचों की इस सीरीज के मायने वर्ल्ड कप की टीम इंडिया के चयन उतने न रहेंगे जितने आईपीएल के प्रदर्शन के रहने वाले हैं। इसकी खास वजह यह है कि इस सीरीज में आईपीएल व टीम इंडिया के कई दिग्गज टीम का हिस्सा नहीं थे।टी-20 फोर्मेट के दो कप्तान हार्दिक पंड्या व सूर्यकुमार यादव के बाद के एल राहुल, बुमराह और जडेजा की गैरमौजूदगी में बनी इस यंग टीम इंडिया में लेफ्ट हैंडर खिलाड़ियों का बोलबाला था। यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा जैसे युवाओं के साथ बतौर ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल को सीरीज में मौका मिला, जबकि गेंदबाजी में अर्शदीप व कुलदीप टीम का हिस्सा रहे हैं। भले ही कुल मिलाकर इस टीम इंडिया में बहुत सारे लेफ्ट हैंडर खिलाड़ी शामिल थे लेकिन असल लेफ्ट हैंड पावर बल्लेबाजी में नजर आया। सच तो यह है कि टीम इंडिया के ऊपरी क्रम से लेकर मध्यक्रम तक बल्लेबाजी में लेफ्ट हैंडर की कमी पिछले काफी समय से खल रही थी। सौरभ गांगुली,गंभीर और युवराज की लेफ्ट हैंड तिकड़ी के बाद सुरेश रैना ने कुछ समय यह भरपाई की, लेकिन उसके बाद से लगातार टीम इंडिया की खासतौर से मध्यक्रम में यह बात कमजोर कड़ी बन कर उभरी।मेरे नजरिये में अफगानिस्तान के खिलाफ खेली गयी इस सीरीज की सबसे बड़ी उपलब्धि टीम इंडिया का यंग लेफ्ट हैंड पावर ही रहा है।जिस अंदाज में यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे और रिंकू सिंग ने अपनी उपयोगिता साबित की है, उसके बाद यह देखना दिलचस्प रहेगा कि चयनकर्ता व टीम मैनेजमेंट इन युवाओं का प्रयोग व मौका कितना और किस किस फॉरमेट में देते हैं।खैर यह तो वक्त ही बतायेगा कि चयनकर्ताओं की नजर में इनके धमाकेदार प्रदर्शन के मायने क्या रहते हैं,लेकिन इस बात में कोई शक नहीं कि टीम इंडिया का यंग लेफ्ट हैंड पॉवर बेहद ताकतवर और विस्फोटक है।



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

### एएफसी एशियन कप में भारत का दूसरा मैच आज

# भारत उज्बेकिस्तान से जीता तो टॉप-2 में आने का मिलेगा मौका

**कतर, एजेंसी**

एएफसी एशियन कप में भारत आज अपना दूसरा मुकाबला उज्बेकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। मैच कतर के अहमद बिन अली स्टेडियम में रात 8 बजे से खेला जाएगा। भारत के लिए आज का मुकाबला अहम होगा। जीत पर भारतीय टीम को महत्वपूर्ण 3 पॉइंट्स मिलेंगे। वहीं, टीम बड़े अंतर से जीती तो टेबल के टॉप पर भी आ सकती है। ग्रुप बी की पॉइंट्स टेबल में भारत आखिरी नंबर पर है। अगर आज भारत हारता है, तो उसे अगला मैच जीतने के साथ ही दूसरी टीमों के रिजल्ट पर भी निर्भर होना होगा। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया को सीरिया व उज्बेकिस्तान के खिलाफ हारना होगा, जो कि बहुत मुश्किल है। ड्रॉ खेलने पर भारत की नॉकआउट में जाने की उम्मीदें जिंदा रहेंगी।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# 'भूल भुलैया 3' में आ रही है मंजुलिका! बनेगी कार्तिक और विद्या बालन की जोड़ी

एक्टर कार्तिक आर्यन इन दिनों आगामी फिल्म 'भूल भुलैया 3' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म की शूटिंग मार्च से शुरू होने जा रही है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को लेकर एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री विद्या बालन मंजुलिका के रूप में फिल्म की तीसरी कड़ी में लौट रही हैं। वर्ष 2007 में आई फिल्म भूल भुलैया में अक्षय कुमार के साथ विद्या बालन मंजुलिका के रोल में नजर आई थीं। लेकिन, इसकी दूसरी कड़ी में अक्षय कुमार को कार्तिक ने रिप्लेस कर दिया। वहीं, विद्या बालन भी नजर नहीं आईं। भूल भुलैया 2 में तब्बू और कियारा आडवाणी ने उपस्थिति दर्ज कराई थी। अब चर्चित फ्रेंजाइजी की तीसरी फिल्म आ रही है तो चर्चा है कि विद्या बालन इसमें लौट रही हैं।

### फिल्म में लीड हीरोइन के नाम का खुलासा अभी नहीं किया

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भूल भुलैया 3 को मनोरंजक बनाने में निर्माता कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पहली फिल्म के बाद अब तीसरी फिल्म में विद्या मंजुलिका के रूप में लौट रही हैं। विद्या बालन को इस किरदार का प्रस्ताव दिया गया और वे इसे निभाने के लिए बेहद उत्साहित हैं। हालांकि, फिल्म में लीड हीरोइन के नाम का खुलासा अभी नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ सारा अली खान नजर आ सकती हैं। हालांकि, फिल्म की टीम तमाम नामों पर विचार कर रही है और अभी कोई नाम फाइनल नहीं हुआ है। फरवरी तक फिल्म की लीड अदाकारा के नाम पर भी मुहर लग जाएगी। अक्षय कुमार अभिनीत भूल भुलैया दर्शकों के बीच खूब पसंद की गई। इसके बाद कार्तिक आर्यन अभिनीत भूल भुलैया 2 ने भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल किया। रुह बाबा के रूप में कार्तिक खूब छाए। अब देखना दिलचस्प होगा की तीसरे पार्ट में दर्शकों को क्या खास मिलता है। ये फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर दस्तक देगी।



# माधुरी, रंजीत से बोलीं- उन्हें एहसास ही नहीं हुआ कि सीन की शूटिंग के दौरान मैंने उन्हें छुआ



फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाने वाले एक्टर रंजीत को कौन भूल सकता है। एक इंटरव्यू के दौरान रंजीत ने बताया कि माधुरी दीक्षित ने फिल्म 'प्रेम प्रतिज्ञा' में उनके साथ काम करने से लगभग मना कर दिया था। माधुरी रंजीत के साथ स्क्रीन नहीं शेयर करना चाहती थीं। हालांकि एक्टर इस बात से अनजान थे लेकिन अजय देवगन के पिता एक्शन डायरेक्टर वीरू देवगन ने उन्हें ये किस्सा बताया था।

### 1989 में रिलीज हुई थी फिल्म 'प्रेम प्रतिज्ञा'

फिल्म प्रेम प्रतिज्ञा के बारे में रंजीत ने एक अनोखा किस्सा शेयर किया। उन्होंने कहा- माधुरी दीक्षित ने फिल्म प्रेम प्रतिज्ञा को करने से लगभग मना ही कर दिया था। वो मेकअप रूम में जाकर रोने लगी थीं। चूंकि मैं सेट पर सिर्फ 2 घंटे के लिए आता था, इसलिए मुझे इस बारे में कुछ भी नहीं पता था। माधुरी फिल्म में एक गरीब आदमी की बेटी का किरदार निभा रही थीं। सीन में मुझे माधुरी के साथ छेड़छाड़ करनी थी। फाइट मास्टर वीरू देवगन ने बताया कि डायरेक्टर बिना रुके ये सीन शूट करना चाहते थे। आमतौर पर सीन खत्म होने के बाद लोग पूछते हैं कि सीन कैसा रहा। लेकिन इस बार किसी ने मेरी परवाह नहीं की। सभी ने माधुरी को घेर लिया। माधुरी ने कहा- उन्हें एहसास ही नहीं हुआ कि सीन की शूटिंग के दौरान मैंने उन्हें छुआ है। मेरे लिए ये एक बहुत बड़ी तारीफ थी। मैं सभी महिलाओं का सम्मान करता हूं। फिर चाहे मेरी जान-पहचान की हों, या अनजान।

### रंजीत 70 और 80 के दशक के फेमस विलेन थे

रंजीत ने हाल ही में रेडियो नशा से बातचीत की। उन्होंने बताया कि उस समय एक्टर की इमेज ऐसी बन गई थी कि उनके लिए शादी करना असंभव हो गया था। फिल्मों में रंजीत अक्सर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करते हुए नजर आते थे। उन्होंने कहा- एक समय के बाद एक ही तरह के किरदार करना मेरे लिए रिपेटिटिव हो गया था। बार-बार साड़ी पकड़ो, बाल खींचो और फिर अंत में मार खाओ। रंजीत ने शूटिंग की बारीकियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा- छेड़छाड़ वाले सीन बिल्कुल डांस सीन की तरह कोरियोग्राफ किए जाते थे। सीन में बेहतर केमिस्ट्री दिखाने के लिए मैं अपने को-एक्टर से कहता था कि मेरे बाल खींचो, मेरे चेहरे को खरोंचो। मैं ऐसा इसलिए करता था ताकि सब कंफर्टेबल रहें। रंजीत का असल नाम गोपाल बेदी है।

# पकंज त्रिपाठी ने कहा- फिल्म में राइटर और डायरेक्टर के लिए बड़ा ही चैलेंजिंग काम था



पंकज त्रिपाठी स्टारर फिल्म 'मैं अटल हूं?' 19 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बायोपिक में पंकज, देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के रोल में नजर आएंगे। पंकज ने बताया कि एक तो यह फिल्म बायोपिक है। ऊपर से अटल जी जैसे राजनेता और देश के पूर्व प्रधानमंत्री पर बेस्ड है तो इसमें किसी प्रकार की फिक्शनल राइटिंग हो ही नहीं सकती। उनके जीवन के किस क्षण को उठाकर स्क्रिप्ट में डालें और किसे नहीं, यह एक राइटर और डायरेक्टर के लिए बड़ा ही चैलेंजिंग काम था। 80 साल के जीवन से हर अहम चीज को उठाना बड़ा मुश्किल हो जाता है। वैसे तो मैं एक एक्टर हूं और मेरा काम सिर्फ एक्टिंग करना था तो मेरे पास यही एक चुनौती थी कि मैं उनकी मिमिक्री करूं या नहीं? मैं दुविधा में था। इसकी एक वजह यह भी थी कि मुझे मिमिक्री आती ही नहीं। दूसरा मुझे लगा कि अगर किसी को अटल जी की मिमिक्री ही देखनी होगी तो वह यू-ट्यूब पर देख लेगा। हमें तो उनकी कहानी दिखानी थी, उनका व्यक्तित्व दिखाना था और उनका विचार दिखाना था। सो, मैंने उसी हिसाब से काम किया। मैं कहूंगा कि ये नई नहीं बल्कि मौलिक अप्रोच है। मैं देखता हूं कि मैनरिज्म का अमाउंट कितना हो और उस व्यक्ति का व्यक्तित्व और विचार कितना हो।

### मैंने अटल जी के बारे में बहुत पढ़ा है...

पकंज ने बताया कि जाहिर सी बात है कि दो घंटे में इतनी बड़ी शख्सियत के जीवन को दिखाना पाना मुश्किल है। मैं जितने भी राजनैतिक और ब्यूरोक्रेट्स से मिला हूं। हर आदमी के पास अटल जी से जुड़े 5 से 10 किस्से होते ही हैं और वो सभी रोचक भी हैं। वो कहते हैं कि इसे भी फिल्म में डाल देना। अब व्यक्तित्व विशाल है तो सब कुछ दिखा पाना संभव नहीं है। बाकी रवि जाधव जी ने किया है काफी कुछ रिसर्च तो हम तो बस उनके दिशा-निर्देशों पर ही चले हैं। बाकी लिखा हुआ मटेरियल और उनके इंटरव्यूज हैं। मेकर्स ने ज्यादातर मटेरियल वहीं से उठाया है। मैंने भी अटल जी के बारे में बहुत पढ़ा है। रिसर्च भी की है। अब तो मैं खुद अटल जी पर एक किताब लिख सकता हूं। हम फिल्म में संक्षिप्त रूप से अटल जी की सोच लोगों तक पहुंचा दें, बस वही हमारे लिए सफलता होगी।

## पुलिस ने की साफ-सफाई





**भोपाल।** प्रदेश की समस्त पुलिस इकाइयों में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत पुलिस महानिदेशक एसके सक्सेना ने आज सुबह पुलिस लाइन, नेहरू नगर में स्वच्छता अभियान के तहत आवासीय परिसर का निरीक्षण किया और अफसरों के संग खुद भी सफाई की।


### चेहरे पर चोट के निशान, दरवाजा तोड़ने पर बेसुध हालत में मिली थी

# बाथरूम में महिला इंजीनियर की संदिग्ध मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**अशोका गार्डन में रहने वाली एक महिला इंजीनियर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। वह नहाने के लिए बाथरूम गई थी, लेकिन जब काफी देर बाद भी बाहर नहीं निकली तो दरवाजा तोड़ा गया। महिला अंदर बेसुध हालत में मिली। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौते सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस हर एंगल से जांच कर वस्तु स्थिति पता करने की कोशिश कर रही है**

पुलिस के मुताबिक पूर्वी साहू (26) पंत नगर अशोका गार्डन में रहती थी। वह मंडीदीप स्थित एक कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर थी और वर्क फ्राम होम कर रही थी। करीब तीन साल पहले पूर्वी की शादी उज्जैन निवासी आशीष साहू से हुई थी। आशीष दिल्ली की एक कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर हैं और फिलहाल वह कंपनी की तरफ से ट्रेनिंग के लिए फ्रांस गए हुए हैं। करीब एक महीने पहले पूर्वी दिल्ली से लौटी थी। कुछ दिनों ससुराल में रहने के बाद वह पंतनगर स्थित अपने मायके आ गई थी। उसकी एक छोटी बच्ची भी है।



मंगलवार को पूर्वी ने बालों में मेहंदी लगाई थी। दोपहर के समय वह नहाने के लिए बाथरूम गई थी। काफी देर बाद भी जब पूर्वी बाथरूम से बाहर नहीं निकली तो परिजनों ने उसे आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने किसी तरह दरवाजा तोड़ा तो पूर्वी अंदर बेसुध हालत में मिली। उसके चेहरे पर चोट के निशान भी थे। परिजन उसे तुरंत ही इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। घटना की जानकारी मिलने के बाद पति फ्रांस से भोपाल के लिए रवाना हो गए हैं।

## खजूरी सड़क इलाके में युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**भोपाल।** खजूरी सड़क इलाके में एक युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। वह ससुराल के पास ही बेसुध हालत में मिला था, जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया था। घटना से पहले वह ससुराल वालों से विवाद करने के बाद घर से निकला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है।

पुलिस के मुताबिक आजाद सिंह (35) मूलतः गुनगा का रहने वाला था। फिलहाल वह परवलिया इलाके में पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था और पुताई का काम करता था। आजाद की ससुराल ग्राम तूमड़ा खजूरी सड़क में है। गत दिवस पत्नी दोनों बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। सोमवार को आजाद पत्नी और बच्चों को लेने पहुंचा था, लेकिन नशे में होने के कारण पत्नी ने साथ जाने से इंकार कर दिया।



इस पर आजाद दोनों बच्चों को ले जाने की जिद करने लगा तो सुसराल वालों ने मना कर दिया। उसके बाद आजाद ससुराल से चला गया। देर रात वह गांव में ही बेसुध हालत में मिला था। उसके बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया था। हमीदिया अस्पताल में मंगलवार रात उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। डाक्टरों ने मौत का कारण जहरीला पदार्थ खाना बताया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पता चल पाएगा कि आजाद ने किस प्रकार के जहर का सेवन किया था।

# 10वीं में फेल होने के डर से गायब हुआ नाबालिग एक साल बाद सकुशल मिला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**उप्र के आश्रम में मिला**

छोला मंदिर पुलिस ने एक साल पहले घर से गायब हुए एक नाबालिग को झांसी उत्तर प्रदेश से सकुशल तलाश लिया है। उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया है। नाबालिग दसवीं कक्षा में फेल होने के डर से घर से गायब हो गया था। थाना प्रभारी सुरेशचंद्र नागर ने बताया कि इस इस मामले की शिकायत भंवर नगर छोला मंदिर में रहने वाले एक युवक ने की थी। पीड़ित ने बताया कि उनका 16 वर्षीय बेटा 10 फरवरी 2023 को घर से बगैर बताए कहीं चला गया है। काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला तो अगले दिन परिजनों ने थाने पहुंचकर उसके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बालक की तलाश में एक टीम लगाई गई थी, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। पिछले दिनों लापता बाल की इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से उसकी लोकेशन मिली, जिसके बाद पुलिस की एक टीम झांसी उत्तर प्रदेश भेजी गई। टीम ने उक्त बालक को लहारगिर्द आश्रम से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि वह वह दसवीं में फेल होने के डर से घर से भाग निकला था।

### डंपर दुकान में घुसा




**भोपाल।** बरखेड़ी नीलबड़ रोड पर रेत से भरा डंपर दुकान में घुसा।

## जमीन देखने निकले पूर्व पुलिसकर्मी की सीहोर में सड़क हादसे में मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो। भोपाल में रहने वाले एक पूर्व पुलिसकर्मी की सीहोर में सड़क हादसे में मौत हो गई। वह जमीन देखने का कहकर घर से निकले थे, तभी बिलकिसगंज इलाके में एक साइन बोर्ड से टकरा गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजन सीहोर पहुंच गए थे। पुलिस के मुताबक शिवराज अग्रवाल (75) संजय काम्पलेक्स, माता मंदिर के पास भोपाल में रहते थे। वह पुलिस विभाग की रेडियो शाखा में नौकरी करते थे, लेकिन करीब तीस साल पहले वीआरएस ले लिया था। बुधवार को शिवराम अपनी इलेक्ट्रिक ओला स्कूटर लेकर घर से निकले थे। उन्हें सीहोर के बिलकिसगंज में जमीन देखनी थी। दोपहर के समय बिलकिसगंज स्थित पेट्रोल पंप के पास उनकी स्कूटर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से टकरा गई। इस हादसे में शिवराज को सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। शिवराम के पास मिले दस्तावेजों और मोबाइल नंबर से उनकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद परिजन बिलकिसगंज पहुंच गए थे।

### रातीबड़ स्थित केरवा डैम रोड पर हुआ था हादसा

# कार पेड़ से टकराई 13 दिन बाद इंजीनियर की मौत, दोस्त पर मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित केरवा डैम रोड पर गत 31 दिसंबर की रात न्यू पार्टी से लौट रहे दो दोस्तों की कार पेड़ में जा घुसी। इस हादसे में को पेसेंजर साइड में बैठे इंजीनियर को गंभीर चोट आई थी। उसकी इलाज के दौरान दो एम्स में मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई की हादसा मृतक के दोस्त की लापरवाही के कारण हुआ था। लिहाजा पुलिस ने कर ड्राइव कर रहे मृतक के साथी पर मामला दर्ज कर लिया है।



एएसआई नंद किशोर दुबे ने बताया कि सार्थक भार्गव पिता अनुज भार्गव (28) जी सेक्टर अयोध्या नगर में रहता था और निजी कॉलेज में इंजीनियर था। उसके पिता अनुज भार्गव वेटनरी डॉक्टर हैं। गत 31 दिसंबर को सार्थक अपने साथी अमन के साथ इंपीरियल फार्म में न्यू ईयर पार्टी मनाने गया था। वहां पार्टी मनाने के बाद सार्थक और अमन आल्टो कार से लौट रहे थे। इस दौरान साक्षी ढाबा पहुंचने से पूर्व ही केरवा रोड पर सड़क किनारे उनकी कार पेड़ में जा घुसी। कार अमन चला रहा था और बगल में सार्थक बैठा था। कार पेड़ में को पेसेंजर साइड से ही घुसी थी। लिहाजा इस हादसे में सार्थक को गंभीर चोट आई थी। सार्थक और अमन को बंसल अस्पताल ले जाया गया था। अमन को कम चोट होने के कारण उसे इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई, लेकिन सार्थक की रीड की हड्डी टूटने से उसकी स्थिति गंभीर थी। कुछ दिन बंसल में इलाज कराने के बाद परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे थे। एम्स में इलाज के दौरान सार्थक की मौत हो गई।

**मेट्रो एंकर** राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मप्र पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिया दक्षता का परिचय

# मप्र पुलिस टीम लखनऊ 'ड्यूटी मीट' में होगी शामिल, तैयारी तेज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट 2024 में प्रतिभाग करने के उद्देश्य से डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना के निर्देश पर कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता की नोडल एजेंसी राज्य अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी) द्वारा भौंरी स्थित मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी में यह आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत कम्प्यूटर अवेयरनेस, ऑफिस ऑटोमेशन और प्रोग्रामिंग एबिलिटी कॉम्पिटिशन आयोजित हुईं। इनमें विजयी रहीं तीन टीमों के 5 सदस्य लखनऊ में आयोजित होने वाली 67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट 2024 में प्रतिभाग करेंगे।**

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित

राज्य स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता के विजेताओं को बुधवार को राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी) में एडीजी एससीआरबी चंचल शेखर द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डीआईजी हेमंत चौहान, एआईजी विजय खत्री एवं प्रतियोगिता की आयोजन समिति की प्रमुख एवं एआईजी ऋचा चौबे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 12 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता की ओवरऑल चैंपियन पुलिस मुख्यालय की टीम रही और रनर अप रेडियो शाखा रही। दोनों टीमों को रनिंग शील्ड प्रदान की गई।



फाइल फोटो

### लखनऊ में 12 फरवरी से एआईपीडीएम

इस वर्ष लखनऊ में 67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट (एआईपीडीएम) का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी राज्यों की पुलिस के दल अलग-अलग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। मध्यप्रदेश पुलिस की टीम भी कम्प्यूटर अवेयरनेस के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। इसमें बम स्कॉड, डॉग स्कॉड, रायफल और रिवॉल्वर शूटिंग, साइंटिफिक ऐड्स टू इन्वेस्टिगेशन, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

**वर्ष 1953 से किया जा रहा आयोजन :** ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन वर्ष 1953 से किया जा रहा है। इसका आयोजन सभी राज्यों की पुलिस को एक साथ लाने और उनके क्रिया-कलाप साझा करने के लिए किया जाता है। शुरूआत में एआईपीडीएम में सिर्फ रायफल और रिवॉल्वर शूटिंग के इवेंट हुआ करते थे। बाद में डॉग स्कॉड, बम स्कॉड, साइंटिफिक ऐड्स टू इन्वेस्टिगेशन सहित कई तरह की प्रतियोगिताएं अलग-अलग चरणों में आयोजित की जाने लगी।

### पिछले साल तीसरे स्थान पर रहा मध्यप्रदेश

गत वर्ष 66वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित की गई थीं, जिसमें मध्यप्रदेश पुलिस के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। मध्यप्रदेश पुलिस को विभिन्न स्पधार्ओं में 3 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य पदक प्राप्त हुए थे। कुल 10 पदक प्राप्त कर मध्यप्रदेश पुलिस तीसरे स्थान पर रही। हालांकि सर्वाधिक स्वर्ण पदक हासिल करने में मध्यप्रदेश को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश ने तीन ट्रॉफियां भी अपने नाम की थी। बेस्ट डॉग की ट्रॉफी भी मध्यप्रदेश के डॉग स्काड ने अपने नाम की थी।

# 20 से हटना शुरू होगा बीआरटीएस कॉरिडोर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने संबंधी काम आगामी 20 जनवरी को बैरागढ से आरंभ किया जाएगा, अगले तीन माह में चरणबद्ध रूप से शहर के सभी भागों से कॉरिडोर हटा दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआरटीएस कॉरिडोर यातायात में सुगमता और जन सुविधा के लिए हटाए जा रहे हैं। अतः कॉरिडोर हटाने का कार्य रात में किया जाए और पुलिस से समन्वय करते हुए कॉरिडोर हटाने की संपूर्ण अवधि में शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज्ञात हो कि इस कारिडोर से यातायात में दुविधा पैदा हो रही है और बीते दस साल में सैंकडों दुर्घटना हो चुकी हैं और करीब तीन सौ जान जाचुकी हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022